दैनिक
मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित
RNI. No. 69062/94
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का समाचार पत्र

# प्रभात परिक्रमा

वर्षः 30 | अंकः 230 | भोपाल, गुरुवार 4 सितंबर 2025 | पृष्ठः 08 | मूल्यः 1 रुपए

आवश्यकता है
दैनिक प्रभात परिक्रमा समाचार पत्र को प्रदेश के सभी जिलों एवं तहसील स्तर पर संवाददाता एवं एजेंटों की आवश्यकता है
: संपर्क :
9425023929

## संक्षिप्त खबरें

### गैंगस्टर मैनपाल कंबोडिया से भारत लाया गया

**गुरुग्राम एजेंसी।** हरियाणा के मोस्टवांटेड गैंगस्टर मैनपाल बदली को गुरुग्राम स्पेशल टास्क फोर्स और केंद्रीय एजेंसियां मंगलवार को भारत लेकर आई है। मैनपाल को 10 दिन पहले कंबोडिया में हिरासत में लिया गया था। मैनपाल पर 7 लाख का इनाम है। उसे कंबोडिया से भारत लाने के लिए एसटीएफ ने सीक्रेट मिशन शुरू किया था। मैनपाल साल 2018 में पैरोल पर जेल से बाहर आया और विदेश भाग गया था। वह पिछले 7 सालों से विदेश से अपनी गैंग ऑपरेट कर रहा है। हरियाणा पुलिस की मोस्टवांटेड की सूची में मैनपाल पहले नंबर पर है। साल 2000 में उस पर अपने चाचा की हत्या का आरोप लगा था। पुलिस के मुताबिक वह ड्रग्स तस्करी और हथियारों के अवैध व्यापार में शामिल था।

### बस पर गिरी चट्टानें दो लोगों की मौत

**शिमला एजेंसी।** उपमंडल कुमारसैन के तहत आने वाले नेशनल हाईवे पांच काली मिट्टी के पास बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे चलती बस पर पहाड़ी से भारी भरकम चट्टान आ गिरी। एकाएक पहाड़ी से बस के ऊपर गिरी चट्टान की चपेट में बस में बैठी सवारियां आ गई, जिनमें से दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 सवारियां घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक निजी बस विशाल कोच नंबर एचपी 63ए- 1891 शिमला से रामपुर की ओर आ रही थी। बिथल के समीप काली मिट्टी के पास पहाड़ी से चट्टान बस पर गिर गई और इस हादसे में लक्ष्मी विरानी, पुत्री रामचरण, निवासी जलगांव, महाराष्ट्र और नेपाली मूल की महिला की मौत हो गई, जिसकी अब तक पहचान नहीं हो पाई है। वहीं, हादसे में 15 सवारियों को हल्की चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए रामपुर के महात्मा गांधी खनेरी अस्पताल पहुंचाया गया है।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय में आईटी रिसोर्स सेंटर, एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट और कन्या छात्रावास का किया भूमिपूजन**

# बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय में आरंभ होंगे रोजगारपरक पाठ्यक्रम और विद्यार्थियों को मिलेगी बस सुविधा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**युवा नौकरी पाने वाले नहीं, रोजगार प्रदान करने वाले बनें**

**पीएम-उषा परियोजना अंतर्गत होगा निर्माण**

नगर प्रतिनिधि | भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में शिक्षा के बदलते दौर में सभी विश्वविद्यालयों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भारत के बेहतर भविष्य की संभावनाओं के लिए दुनिया में मिसाल कायम कर रहे हैं। वे दिन गए जब भारत किसी बड़े देश के पीछे चलकर पहचान बनाता था। हमें गर्व है कि आज भारत किसी पर निर्भर नहीं है। भारत के बदलते समय का विश्वविद्यालय के छात्र पूरा उपयोग करें। हमारे युवा बेहतर तकनीक का उपयोग करते हुए देश को आगे ले जाने का सपना देखें और उसे पूरा करने के लिए परिश्रम करें। राज्य सरकार विश्वविद्यालयों के छात्रों के साथ है। हमारे युवा नौकरी पाने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बनें। सरकार हर संभव सहायता और प्रशिक्षण उपलब्ध करा रही है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों में कृषि संकाय की पढ़ाई शुरू की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय में सभी नए रोजगारपरक पाठ्यक्रम आरंभ करने और विद्यार्थियों को आवागमन के लिए निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय परिसर में 55 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले आईटी रिसोर्स सेंटर, स्टूडियो, कन्वेंशन हॉल और इंक्यूबेशन सेंटर तथा एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट व कन्या छात्रावास का भूमिपूजन कर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएम उषा परियोजना के भूमिपूजन और दीक्षारंभ कार्यक्रम में गणपति बप्पा मोरया के जयघोष एवं सरस्वती माता को नमन करते हुए अपना संबोधन आरंभ किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल के सभी क्षेत्रों को विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। भोपाल में मेट्रो की शुरुआत होने वाली है। इसके साथ भोपाल के पास मेट्रो और अत्याधुनिक रेल कोच निर्माण के लिए बीईएमएल की इकाई का भूमि-पूजन हो चुका है। भारतीय रेल के हाईस्पीड कोच भी इस कारखाने में बनाए जाएंगे। भोपाल को पर्यटन के क्षेत्र में भी एक बड़ी सौगात मिलने वाली है। अब बड़ी झील में कश्मीर की तर्ज पर शिकारे चलाए जाएंगे। भोपाल से इंदौर, जबलपुर और रीवा के लिए नए ग्रीन फील्ड हाइवे तैयार किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पीएम मित्रा का निर्माण हो रहा है। हमारे किसानों द्वारा उत्पादित कपास की मांग दुनिया में है। प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें। प्रदेश में रेडीमेड गारमेंट के नए उद्योग शुरू हों, इसके लिए दिल्ली में निवेशकों और उद्योग घरानों को आज चर्चा के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। भविष्य में मध्यप्रदेश के युवा फैशन डिजाइनिंग और रेडीमेड गारमेंट इंडस्ट्री में अग्रणी बनें, इसके लिए राज्य सरकार निश्चित कार्ययोजना बना रही है।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में बदलाव का बीड़ा उठाया है। पूर्व में उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए उन्होंने जिस विजन से कार्य किया, उसके सुखद परिणाम अब सामने आने लगे हैं। राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित हैं। प्रदेश में गरीब और पिछड़े छात्रों के लिए सर्व सुविधायुक्त सांदीपनि विद्यालय और पीएम एक्सीलेंस कॉलेज बनाए जा रहे हैं। भविष्य में शिक्षा क्षेत्र को नई ऊंचाइयां प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार ने दो बड़े निर्णय किए हैं। इसके अंतर्गत अब डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देना और प्रदेश के चिन्हित विश्वविद्यालयों में देश की विभिन्न भाषाओं को क्रेडिट के माध्यम से पाठ्यक्रम में शामिल कर पढ़ाया जाना शामिल है। प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में होने जा रही यह अभिनव पहल पूरे देश को संदेश देने का कार्य करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दोनों नवाचारों के लिए हमें निरंतर प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। हृदय प्रदेश, मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में सभी क्षेत्रों में नवाचार करते हुए देश के अन्य राज्यों के लिए आदर्श राज्य के रूप में उभर रहा है।

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने भोपाल में संचालित विकास गतिविधियों और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार माना। कुलगुरु प्रो. एसके जैन ने बताया कि बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय को 100 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। इस अवसर पर वर्ष 2025-26 के नए विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह भी हो रहा है। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन, कुलगुरु प्रो. एस.के जैन सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

---

**पियूष गोयल बोले- चीजें जल्द ही पटरी पर लौटेंगी**

## भारत-अमेरिका के बीच नवंबर तक हो सकती है ट्रेड डील

एजेंसी | नई दिल्ली

ट्रम्प के भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने और दोनों देशों में बढ़ते तनाव के बीच केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका के साथ ट्रेड डील होने की उम्मीद जताई है। पियूष गोयल ने एक वैश्विक निवेशक सम्मेलन में कहा मुझे उम्मीद है कि चीजें जल्द ही पटरी पर लौट आएंगी और हम नवंबर तक बाइलेटरल ट्रेड एग्रीमेंट को अंतिम रूप दे देंगे। फरवरी में दोनों देशों के नेताओं के बीच यही चर्चा हुई थी। उन्होंने एक अन्य कार्यक्रम में यह भी कहा कि भारत इस व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है।



हालांकि अभी तक, दोनों देशों में से किसी ने भी ट्रेड डील पर बातचीत के नए दौर की घोषणा नहीं की है। इससे पहले, बातचीत के लिए अमेरिकी डेलिगेशन का 25 अगस्त को नई दिल्ली का दौरा स्थगित हो गया था। डेयरी प्रोडक्ट्स को लेकर विवाद अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, घी को भारत में आयात की अनुमति मिले।

---

**इंदौर में अब तक 2 बच्चों की मौत चूहे ने कुतरा था**

## एमवाय अस्पताल की लापरवाही से गई जान

नगर प्रतिनिधि | इंदौर

इंदौर के सबसे बड़े सरकारी एमवाय अस्पताल के एनआईसीयू में भर्ती एक और नवजात की बुधवार को मौत हो गई। चूहों ने सोमवार को उसके हाथ-पैर कुतरे थे। इससे पहले मंगलवार को भी एक नवजात बच्ची ने दम तोड़ दिया था। इस मामले में मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने अस्पताल अधीक्षक को पत्र लिखकर एक महीने में जांच कर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। इससे पहले चिकित्सा शिक्षा विभाग ने डीन से स्पष्टीकरण मांगा है। इस मामले में दो नर्सिंग ऑफिसर को सस्पेंड कर दिया और अन्य को शोकॉज नोटिस दिया है। मामले की जांच के लिए हाईलेवल कमेटी बनाई गई है।





**परिजन ने नहीं कराया पोस्टमॉर्टम**

जिस बच्चे की मौत बुधवार को हुई, वह देवास की रहने वाली रेहाना का है। परिवार ने बच्चे का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया है। वे शव को लेकर रवाना हो गए। वहीं मंगलवार को जिस बच्चे की मौत हुई थी वह खंडवा के पास एक गांव की रहने वाली लक्ष्मीबाई का है। उसकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आना बाकी है।

हालांकि, अस्पताल प्रबंधन ने चूहे के काटने से मौत होने की बात से इनकार किया है। डॉक्टर का कहना है कि बच्चे की मौत इंफेक्शन से हुई है। नर्सिंग ऑफिसर और स्टाफ पर कार्रवाई से नर्सिंग ऑफिसर्स में आक्रोश है। उनका कहना है कि इसमें सीधे तौर पर उनका कोई दोष नहीं है। जिम्मेदार वरिष्ठों पर कार्रवाई होनी थी, लेकिन हमें निशाना बनाया गया।

---

## बैंककर्मी ने ही 'लुटवाए' ग्राहकों के 2 करोड़ के जेवर

नगर प्रतिनिधि | उज्जैन

उज्जैन पुलिस ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ब्रांच से 5 करोड़ रुपए की ज्वेलरी और 8 लाख नकद चोरी करने के मामले को 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया। जांच में पता लगा कि वारदात को बैंक के ही आउटसोर्स कर्मचारी ने 4 साथियों संग मिलकर अंजाम दिया था। उसने यूट्यूब पर वीडियो देखकर धर्म परिवर्तन किया था। अपना नाम जय से जीशान कर लिया था। उज्जैन के महानंदा नगर की SBI ब्रांच में सोमवार रात को चोरी हो गई थी। सीसीटीवी फुटेज में 2 बदमाश बैंक से बाहर निकलते नजर आए थे। पुलिस ने केस सुलझाते हुए मंगलवार रात को 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से चोरी का पूरा माल बरामद कर लिया गया। इससे पहले मामले में बैंक के सेवा प्रबंधक और कैश अधिकारी की लापरवाही सामने आने के बाद दोनों को निलंबित कर दिया गया था। मंगलवार सुबह जब सफाई कर्मचारी बैंक पहुंचा तो लॉकर के ताले खुले मिले। उसने तुरंत अधिकारियों को सूचना दी। जांच में पता चला कि लॉकर से 4.7 किलो सोने के आभूषण और 8 लाख रुपए चोरी हुए हैं। इसके बाद माधव नगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए एडीजी उमेश जोगा और एसपी प्रदीप शर्मा भी मौके पर पहुंचे। चोरों को तलाशने के लिए विशेष टीम बनाई गई। चार थानों की पुलिस के साथ साइबर सेल की टीम को भी तफ्तीश में लगाया गया।

---

**5 बांधों के गेट खुले, शिवपुरी में बीमार महिला को ट्यूब से नदी पार कराई**

# श्योपुर में मार्केट डूबा, हरदा में गांवों का संपर्क कटा

नगर प्रतिनिधि | भोपाल

मध्यप्रदेश में बुधवार को तेज बारिश का दौर जारी रहा। पचमढ़ी, रतलाम-नरसिंहपुर में 1 इंच, इंदौर, खरगोन, भोपाल, ग्वालियर-शिवपुरी में पौन इंच, उज्जैन, दमोह और रायसेन में आधा इंच से अधिक पानी गिर गया। गुना में आधा इंच बारिश हुई। बैतूल, दतिया, छिंदवाड़ा, मंडला, सागर, सिवनी, बालाघाट, नर्मदापुरम, शाजापुर, उमरिया समेत कई जिलों में बारिश होती रही। जबलपुर में दोपहर करीब 12 बजे बरगी बांध के 9 गेट खोले गए। डैम में कुल 21 गेट हैं। इनमें से 9 खोले गए हैं, बाकी 12 से भी पानी लीक हो रहा है। उमरिया में संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र के जोहिला डैम के तीन गेट, शिवपुरी में अटल सागर बांध मडीखेड़ा के दो, ग्वालियर में तिघरा डैम के 7 जबकि तवा डैम के 5 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। हरदा में बारिश के चलते अजनाल, मटकुल, देदली, माचक और गंजाल नदियां उफान पर हैं। कई गांवों का जिला मुख्यालय से सम्पर्क टूट गया है। खरगोन में रात 8 बजे तक 4 घंटे में डेढ़ इंच बारिश हुई है। दोपहर बाद 3.30 बजे से शुरू हुई बारिश रात 7.30 बजे बाद भी जारी है। इस बारिश से किसानों को कपास की फसल में नुकसान का डर है। खरगोन जिले के अलावा अन्य 8 जिलों में अलग-अलग स्थानों पर 115.6 मिमी से 204.4 मिमी बारिश का अलर्ट जारी किया है।



**रतलामः स्कूलों में कल नर्सरी से 8 वीं तक छुट्टी**

रतलाम में हैवी रेन के अलर्ट के चलते कलेक्टर राजेश बाथम ने 4 सितंबर को नर्सरी से 8वीं क्लास तक स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी है। रतलाम शहर में शाम को रिमझिम तो आसपास गांवों में तेज मूसलाधार बारिश से बांगरोद गांव में अंदर तक पानी आ गया। गांव के बाजार में पानी ऐसे बह रहा था जैसे नदी हो। गांव में खाटू श्याम बर्बरीक मंदिर भी है। आज भक्तों की भीड़ भी है ऐसे में पानी के बीच से ट्रैक्टर में बैठाकर लोगों को मंदिर ले जाया जा रहा है।

---

## दिल्ली में यमुना का पानी घरों में घुसा, पूरे पंजाब में बाढ़

एजेंसी | नई दिल्ली

पंजाब में बुधवार को भी तेज बारिश जारी है। 23 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। 1200 से ज्यादा गांवों में पानी भरा है। अब तक 30 लोगों की मौत हुई है। 3 लोग लापता हैं। सभी स्कूल-कॉलेजों को 7 सितंबर तक बंद करने का फैसला लिया गया है। हरियाणा में झज्जर, हिसार, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला के कई हिस्सों में 3-5 फीट तक पानी भरा है। यहां के 200 से ज्यादा स्कूल बंद हैं। अंबाला के सैकड़ों घरों में 2-4 फीट पानी भरा हुआ है। हथिनीकुंड बैराज से 67 घंटे से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। दिल्ली में यमुना नदी खतरे के निशान (205 मीटर) के ऊपर 207 मीटर पर बह रही है। नदी के पास बना लोहे का पुल बंद किया गया है। यमुना बाजार-तिब्बती बाजार, मोनेस्ट्री मार्केट समेत निचले इलाकों में पानी भरा है। यहां से 10 हजार लोगों को रेस्क्यू किया गया है। दिल्ली में बुधवार को सभी स्कूल बंद रखे गए हैं। राजस्थान के जयपुर में तेज बारिश जारी है।

---

**यश नगर स्थित आवास पर 5 घंटे सर्चिंग**

## मंदसौर में जिला आबकारी अधिकारी के घर ईडी का छापा, 9 दिन पहले दतिया ट्रांसफर हुआ था

नगर प्रतिनिधि | मंदसौर

मंदसौर के पूर्व जिला अधिकारी बद्री लाल डांगी के यश नगर स्थित आवास पर बुधवार सुबह ईडी ने छापा मारा है। हाल ही में बद्री लाल डांगी डांगी का तबादला दतिया हुआ था और सोमवार को उन्होंने दतिया जिला आबकारी अधिकारी के रूप में ज्वॉइनिंग ली है। जानकारी के मुताबिक, ईडी के छापे के समय पूर्व जिला आबकारी अधिकारी के घर में कोई मौजूद नहीं था। इंदौर और भोपाल की 2 टीमों ने यहां दबिश दी। बीएल डांगी मंदसौर में नौकरी के दौरान काफी विवादों में रहे, उनके ऊपर पिपलिया मंडी शराब दुकान से 10 लाख रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप लगा था, जिसका वीडियो भी सामने आया था।



**5 घंटे की सर्चिंग**

इसके साथ ही मंदसौर शहर प्रतिबंध के बावजूद शहर से लगातार शराब बिक्री की खबरें भी सामने आती रही ऐसे में उनकी कार्यशैली पर भी सवाल उठे। 22 अगस्त को उनका ट्रांसफर दतिया हो गया था। इसके बाद बुधवार को ईडी ने उनके घर लगभग 5 घंटे सर्चिंग की। टीम सुबह करीब 5 बजे आई और 10 बजे वापस लौटी। हालांकि, इस दौरान ईडी के अधिकारियों ने कोई जानकारी नहीं दी।

---

**राज्यपाल का कानून बनाने में कोई रोल नहीं**

# बंगाल, तेलंगाना, हिमाचल की सुप्रीम कोर्ट में दलील राज्यपालों-राष्ट्रपति के लिए डेडलाइन से जुड़ा मामला

एजेंसी | नई दिल्ली

विधानसभा से पास बिलों पर राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली राज्यों की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में लगातार सातवें दिन बुधवार को सुनवाई हुई। पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और हिमाचल की सरकारों ने विधेयकों को रोककर रखने की विवेकाधिकार शक्ति का विरोध किया।

राज्यों ने कहा कि कानून बनाना विधानसभा का काम है, इसमें राज्यपालों की कोई भूमिका नहीं है। वे केवल औपचारिक प्रमुख होते हैं। राज्यों ने कहा- केंद्र सरकार कोर्ट के डेडलाइन लागू करने के फैसले को चुनौती देकर संविधान की मूल भावना को कमजोर करना चाहती है।



चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस ए.एस. चंदुरकर की बेंच ने सुनवाई की। कोर्ट ने मंगलवार को कहा था कि गवर्नर बिलों को अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रख सकते। अगली सुनवाई 9 सितंबर को होगी।

**पश्चिम बंगाल : जनता की इच्छा को रोका नहीं जा सकता**

पश्चिम बंगाल के वकील कपिल सिब्बल ने कहा, अगर विधानसभा से पास बिल गवर्नर को भेजा जाता है, तो उन्हें उस पर हस्ताक्षर करना ही होगा। सिब्बल ने तर्क दिया कि संविधान की धारा-200 में गवर्नर के लिए संतोष (सैटिस्फैक्शन) जैसी कोई शर्त नहीं है। उन्होंने कहा, या तो वे बिल पर हस्ताक्षर करें, या उसे राष्ट्रपति को भेज दें। लगातार रोके रखना संविधान की भावना के खिलाफ है। अगर गवर्नर मनमर्जी से बिल अटका दें तो यह लोकतंत्र को असंभव बना देगा।

**हिमा. प्रदेश : गवर्नरों का कानून बनाने में कोई रोल नहीं**

हिमाचल सरकार के वकील आनंद शर्मा ने कहा, संघीय ढांचा भारत की ताकत है और यह संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। अगर गवर्नर बिल रोकेंगे तो इससे केंद्र-राज्य संबंधों में टकराव बढ़ेगा और यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक होगा। गवर्नर का ऑफिस जनता की इच्छा को नकारने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

## संपादकीय

# क्या जापान-चीन के साथ भारत की नई कूटनीति अमेरिका की शुल्क जंग का तोड़ बनेगी?

नई भू-राजनीतिक परिस्थितियों में उथल-पुथल के बीच अमेरिका जैसा देश जहां अपने हित में अन्य देशों पर मनमाने फैसले थोपने की कोशिश में है, तो स्वाभाविक ही भारत के सामने भी अपना हित कायम रखने की चुनौती खड़ी हुई है। यही वजह है कि पिछले कुछ समय से अलग-अलग देशों पर शुल्क लगा कर व्यापार नीति को प्रभावित करने की अमेरिकी कोशिश के समांतर भारत ने अपने लिए वैकल्पिक रास्ते तैयार करना शुरू कर दिया है।इस क्रम में रूस और चीन से नए सिरे से संवाद कायम करने और विवादित मसलों को सुलझा कर संबंधों के नए आयाम पर विचार करने के लिए भारत ने कूटनीति के मोर्चे पर जो रुख अपनाया है, उसे इसी संदर्भ में देखा जा सकता है। पिछले दिनों भारत ने रूस सहित अन्य कुछ देशों में कूटनीतिक पहल के जरिए यह संदेश दिया है कि अमेरिका से संवाद के रास्ते भले ही खुले हैं, लेकिन उसके रवैये का सामना करने के लिए भारत तैयार है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान और चीन की यात्रा को भी दरअसल नए विकल्प खोजने की कोशिश की एक कड़ी के तौर पर देखा जा सकता है। अपनी जापान यात्रा के बाद प्रधानमंत्री मोदी चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे।दरअसल, अमेरिका की ओर से शुल्क से संबंधित नई नीति थोपने और इस संबंध में भारत के तर्कों को खारिज करने के बाद अब स्थिति यही है कि भारत इसका सामना करने के लिए नए विकल्प तैयार करे। इस लिहाज से देखें तो जापान और चीन भी उन देशों की सूची में हैं, जिन पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क कूटनीति की मार पड़ी है। इसके अलावा भी जो देश ट्रंप के इस रवैये के दायरे में आए हैं, उनके लिए यह समझना मुश्किल है कि अमेरिका के इस राह को अपनाने के क्या कारण हैं और इसके जरिए वह क्या हासिल करना चाहता है।अमेरिकी शुल्क नीति के लागू होने के बाद चीन और जापान ऐसे देश हैं, जिनका व्यापार भी भारत की तरह ही प्रभावित हो सकता है। मगर यह स्थिति तभी ज्यादा बिगड़ती है, जब निर्यात के लिए मुख्य रूप से किसी एक देश पर निर्भरता हो। यही वजह है कि पच्चीस से लेकर पचास फीसद तक शुल्क थोपे जाने के बाद इससे प्रभावित होने वाले सभी देशों के सामने नई स्थिति से निपटने के लिए नए उपायों पर विचार जरूरी हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी की जापान और चीन यात्रा को इसी कूटनीति को साधने की कोशिश के तौर पर देखा जा सकता है।निश्चित रूप से पिछले कुछ वर्षों से चीन के साथ भारत के जैसे संबंध रहे हैं, उसमें हर स्तर पर सतर्कता बरतने की जरूरत होगी। यह छिपा नहीं है कि सीमा पर तनाव से लेकर गलवान में टकराव तक और फिर अरुणाचल प्रदेश में नाहक विवाद खड़ा करके चीन भी सैन्य मोर्चे पर अपनी मनमानी चलाना चाहता है। मगर अब अमेरिकी शुल्क नीति की जद में आने के बाद उसके लिए भी आर्थिक मोर्चे पर नए हालात से निपटना एक चुनौती है।वहीं, जापान को अमेरिका के करीब माना जाता रहा है, लेकिन उसकी नई नीति की चपेट में वह खुद भी है। स्वाभाविक है कि जापान और चीन भी अमेरिकी शुल्क से उपजी स्थिति का सामना करने के लिए नए विकल्प खोजेंगे।

**हम आपको यह भी बता दें कि चीन की 'वुल्फ वॉरियर डिप्लोमेसी' अब नरम पड़ती दिखाई दे रही है। इसके पीछे कई कारण हैं। जैसे- चीन की धीमी होती अर्थव्यवस्था, रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों की समस्याएँ और बढ़ती युवा बेरोज़गारी, जिसने 'नकली काम' करने वाली कंपनियों तक को जन्म दिया है। हालाँकि, चीनी राजनीति में फिर से अतिराष्ट्रवाद लौट सकता है। भारत इस संभावना को समझता है और इसी कारण एलएसी पर अपनी रक्षा क्षमता मज़बूत करते हुए चीन के साथ रिश्तों को नए सिरे से संतुलित कर रहा है। देखा जाये तो ट्रंप के टैरिफ ने वैश्विक व्यापार के नियम बदल दिए हैं। ऐसे में भारत को नए बाज़ारों की तलाश है। नई दिल्ली चाहती है कि बीजिंग भारतीय निर्यात को निष्पक्ष पहुँच दे। यह सच है कि इससे अमेरिका के बाज़ार में हुए नुकसान की पूरी भरपाई नहीं होगी, लेकिन व्यापार असंतुलन को चीनी निवेश से संतुलित किया जा सकता है।**

# ड्रैगन और हाथी की मुलाक़ात से वैश्विक राजनीति में बड़ी हलचल हो गयी है

(नीरज कुमार दुबे)

चीन की 'वुल्फ वॉरियर डिप्लोमेसी' अब नरम पड़ती दिखाई दे रही है। इसके पीछे कई कारण हैं। जैसे- चीन की धीमी होती अर्थव्यवस्था, रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों की समस्याएँ और बढ़ती युवा बेरोज़गारी, जिसने 'नकली काम' करने वाली कंपनियों तक को जन्म दिया है।

तियानजिन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाक़ात को सिर्फ़ औपचारिक कूटनीतिक शिष्टाचार मान लेना भूल होगी। यह दरअसल उन जटिल और उलझे रिश्तों को नया आकार देने का प्रयास था, जिन्हें पूर्वी लद्दाख में चीनी घुसपैठ ने गहरी चोट पहुँचाई थी। सीमा पर खून बहने के बाद अब बीजिंग नरमी दिखा रहा है, तो यह उसकी मज़बूरी है– भारत की नहीं। भारत ने यह बार-बार साफ किया है कि रिश्ते तभी आगे बढ़ेंगे जब सीमा पर शांति होगी। मोदी ने तियानजिन में यही संदेश दोहराया कि सीमा स्थिर रहेगी तभी भरोसा टिकेगा। देखा जाये तो चीन की पंचशील वाली बात भारत के लिए खोखले आश्वासन से ज्यादा मायने नहीं रखती क्योंकि पिछले वर्षों का अनुभव यही कहता है कि बीजिंग के शब्द और ज़मीन पर उसका व्यवहार मेल नहीं खाते। असली सवाल अब यही है कि क्या बीजिंग अपने वादों को ज़मीन पर उतारेगा, या फिर एक बार फिर हाथ मिलाओ और पीछे से वार करो वाली नीति अपनाएगा? फिलहाल तस्वीरें चमकीली हैं, लेकिन भारत ने बहुत स्पष्ट कर दिया है कि रिश्तों की असली परीक्षा सीमा पर होगी, कूटनीतिक भोज या लाल कालीन पर नहीं।

देखा जाये तो भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंध शुरू से ही जटिल रहे हैं। यह 1949 से कभी गहरे मतभेदों तो कभी सीमित सामंजस्य के उतार-चढ़ाव से गुज़रे हैं। पूर्वी लद्दाख में चीनी घुसपैठ से शुरू हुई कठिनाइयों के बाद अब विश्व की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ भारत और चीन, अपने संबंधों को पटरी पर लाने के इच्छुक दिख रही हैं। कज़ान (रूस) में पिछले वर्ष आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से यह प्रक्रिया शुरू हुई थी जिसे तिआनजिन में आगे बढ़ाया गया है।

देखा जाये तो भारत हमेशा से अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को महत्व देता रहा है। डोनाल्ड ट्रंप की 'मेरा कहना मानो वरना टैरिफ झेलो' वाली नीतियों ने इस सिद्धांत की सबसे बड़ी परीक्षा ली। मोदी ने न ट्रंप की 'नोबेल पुरस्कार' वाली हठधर्मिता को महत्व दिया, न ही उनकी टीम की उकसावे भरी बातों पर प्रतिक्रिया दी। भारत ने रूसी तेल खरीदने का निर्णय भी जारी रखा और पीछे नहीं हटा। तिआनजिन में शी जिनपिंग के साथ बैठक का सबसे बड़ा संदेश यही था कि भारत अपने निर्णय स्वतंत्र रूप से लेगा और किसी तीसरे देश की इच्छा से प्रभावित नहीं होगा।

हम आपको यह भी बता दें कि चीन की 'वुल्फ वॉरियर डिप्लोमेसी' अब नरम पड़ती दिखाई दे रही है। इसके पीछे कई कारण हैं। जैसे- चीन की धीमी होती अर्थव्यवस्था, रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों की समस्याएँ और बढ़ती युवा बेरोज़गारी, जिसने 'नकली काम' करने वाली कंपनियों तक को जन्म दिया है। हालाँकि, चीनी राजनीति में फिर से अतिराष्ट्रवाद लौट सकता है। भारत इस संभावना को समझता है और इसी कारण एलएसी पर अपनी रक्षा क्षमता मज़बूत करते हुए चीन के साथ रिश्तों को नए सिरे से संतुलित कर रहा है।

देखा जाये तो ट्रंप के टैरिफ ने वैश्विक व्यापार के नियम बदल दिए हैं। ऐसे में भारत को नए बाज़ारों की तलाश है। नई दिल्ली चाहती है कि बीजिंग भारतीय निर्यात को निष्पक्ष पहुँच दे। यह सच है कि इससे अमेरिका के बाज़ार में हुए नुकसान की पूरी भरपाई नहीं होगी, लेकिन व्यापार असंतुलन को चीनी निवेश से संतुलित किया जा सकता है। यदि चीन भारतीय उद्योग के लिए रेयर अर्थ मैग्नेट जैसे महत्वपूर्ण कच्चे माल की आपूर्ति फिर शुरू करता है, तो भारत दूरसंचार, रक्षा, सेमीकंडक्टर और अन्य रणनीतिक क्षेत्रों जैसी निगेटिव लिस्ट को छोड़कर बाकी क्षेत्रों में धीरे-धीरे चीनी एफडीआई की अनुमति दे सकता है। दूसरी ओर, ट्रंप-युग की उथल-पुथल में चीन को भी आर्थिक अवसरों की ज़रूरत है। ऐसे में वह भारत के करीब आना चाह रहा है लेकिन भारत के लिए आगे बढ़ने के दौरान सतर्कता बरतना भी जरूरी है।



वैसे कुल मिलाकर देखें तो तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भेंट ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के गलियारों में गहरी हलचल पैदा कर दी है। यह सिर्फ दो पड़ोसी देशों के बीच एक औपचारिक मुलाक़ात नहीं थी, बल्कि वैश्विक राजनीति के बदलते समीकरणों के बीच एक महत्वपूर्ण संकेत भी थी। मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि भारत की विदेश नीति किसी तीसरे देश की नज़र से नहीं देखी जानी चाहिए। मोदी ने स्पष्ट कहा कि सीमा पर शांति और स्थिरता रिश्तों के लिए बीमा पॉलिसी जैसी है। दोनों पक्षों ने पिछले साल की सफल डिसएंगेजमेंट प्रक्रिया पर संतोष जताया और सीमा विवाद का न्यायपूर्ण, तर्कसंगत और स्वीकार्य समाधान निकालने की प्रतिबद्धता दोहराई। हालाँकि, चीनी बयान ने पंचशील सिद्धांतों का हवाला देते हुए यह कहा कि सीमा विवाद पूरे रिश्तों को परिभाषित नहीं करना चाहिए। यह भारतीय दृष्टिकोण से थोड़ा भिन्न था।

हम आपको बता दें कि कुछ विश्लेषकों का मानना है कि भारत-चीन निकटता से भारत-अमेरिका संबंध प्रभावित हो सकते हैं। परंतु यह दृष्टिकोण सतही है क्योंकि भारत कोई लेन-देन वाली शक्ति नहीं, बल्कि एक सभ्यतागत शक्ति है जो दीर्घकालिक दृष्टिकोण से संबंध बनाती है। लोकतांत्रिक मूल्य, बहुलतावादी समाज और मुक्त हिंद-प्रशांत के साझा हित भारत-अमेरिका साझेदारी की नींव हैं। यह साझेदारी अस्थायी मतभेदों को झेल सकती है।

तियानजिन में मोदी-शी मुलाक़ात भारत की रणनीतिक स्वायत्तता, आर्थिक हितों की सुरक्षा और वैश्विक संतुलन बनाने के प्रयासों का हिस्सा भी है। भारत अब यह स्पष्ट संकेत दे रहा है कि वह अमेरिका और चीन दोनों के साथ संबंध रख सकता है– लेकिन अपनी शर्तों पर, अपने हितों के आधार पर। भारत-चीन संबंधों की दिशा आगे इस बात पर निर्भर करेगी कि बीजिंग अपने आश्वासनों को ठोस कार्यवाही में बदल पाता है या नहीं। तब तक यह यात्रा अभी शुरुआती चरण में ही मानी जाएगी। वैसे यह मुलाकात बताती है कि 21वीं सदी की भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र में भारत और चीन की भूमिका निर्णायक होगी।

हम आपको यह भी बता दें कि राजीव गांधी से लेकर नरेंद्र मोदी तक, यानि तबसे लेकर अब तक हर भारतीय प्रधानमंत्री ने चीन के साथ स्थिर संबंध बनाने की कोशिश की है। वर्तमान सरकार भी इसी दिशा में आगे बढ़ रही थी लेकिन 2020 में पूर्वी लद्दाख, विशेषकर गलवान घाटी में चीनी सैन्य कार्रवाई ने इस प्रक्रिया को गहरी चोट पहुँचाई। भारत ने तब यह स्पष्ट किया था कि जब तक सीमा विवाद का समाधान संतोषजनक ढंग से नहीं होता, तब तक सामान्य संबंध निलंबित रहेंगे। अक्टूबर 2024 में पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के समाधान की घोषणा के बाद दोनों देशों ने वार्ता और आदान-प्रदान को पुनः आरंभ करने का निर्णय लिया। वीज़ा नियमों में ढील, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सीमापार नदियों पर आँकड़ों का साझा करना और सीधी हवाई सेवाओं की बहाली जैसे कदम इसी क्रम में उठाए गए हैं। हाल ही में चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा भी इसी प्रक्रिया का हिस्सा रही।

**मोदी को होंगछी कार देने का कारण–** हम आपको यह भी बता दें कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के अवसर पर तियानजिन पहुँचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चीनी सरकार ने विशेष सम्मान देते हुए 'मेड इन चाइना' होंगछी कार उपलब्ध कराई। यह वही प्रतिष्ठित 'रेड फ़्लैग' मॉडल है, जिसे राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपनी आधिकारिक यात्राओं में प्रयोग करते हैं। हम आपको याद दिला दें कि 2019 में महाबलीपुरम में शी की भारत यात्रा के दौरान भी इसी कार का उपयोग किया गया था। होंगछी की शुरुआत 1958 में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के शीर्ष नेताओं के लिए हुई थी। आज यह कार 'चीन की आत्मनिर्भरता' और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक मानी जाती है। इसी तरह, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उनके विशेष अरुष वाहन में तियानजिन में भ्रमण कराया गया। यह रूसी कंपनी ऑरस मोटर्स द्वारा निर्मित रेट्रो-शैली की कार है, जो रूस के राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है।

प्रतीकों के पीछे संदेश को देखें तो मोदी को होंगछी उपलब्ध कराना केवल एक वाहन व्यवस्था नहीं है, बल्कि चीन की ओर से यह संकेत है कि भारत के साथ रिश्तों को विशेष महत्व दिया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अक्सर ऐसी छोटी-छोटी प्रतीकात्मक बातें गहरे संदेश देती हैं। इसी पृष्ठभूमि में राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मोदी से कहा कि यह समय है जब ड्रैगन और हाथी साथ आएं और मित्र बनें। इसके जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने भी परस्पर विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के आधार पर संबंध आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। मोदी ने यह भी रेखांकित किया कि भारत-चीन सहयोग केवल दोनों देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर 2.8 अरब लोगों के जीवन से जुड़ा है।

**जिनपिंग के दाहिने हाथ से मिले मोदी –** इसके अलावा, तिआनजिन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाक़ात के अतिरिक्त एक अलग बैठक चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की पोलितब्यूरो स्थायी समिति के सदस्य और शी के बेहद करीबी सहयोगी, साई ची से भी की। हम आपको बता दें कि साई ची अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शी जिनपिंग के दाहिने हाथ के रूप में देखे जाते हैं। अमेरिकी हलकों में यह चर्चा तक रही थी कि ट्रंप के शपथग्रहण समारोह में साई को राष्ट्रपति की ओर से प्रतिनिधि के रूप में भेजा जाए। भारतीय अधिकारियों के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने इस बैठक में साई को भारत-चीन संबंधों को लेकर अपना दीर्घकालिक दृष्टिकोण बताया और दोनों शीर्ष नेताओं की सहमति को साकार करने में उनके सहयोग की अपेक्षा जताई। इसके प्रत्युत्तर में साई ची ने दोहराया कि चीन भारत के साथ द्विपक्षीय आदान-प्रदान को विस्तार देना चाहता है और आपसी सहमति के आधार पर रिश्तों को और बेहतर बनाने के पक्ष में है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने जानकारी दी कि मूलतः चीन की ओर से यह प्रस्ताव था कि साई ची प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में राष्ट्रपति शी की ओर से एक भोज का आयोजन करें। यह कदम चीन द्वारा मोदी की यात्रा को विशेष महत्व दिए जाने का संकेत था, क्योंकि भारत के प्रधानमंत्री का चीन दौरा लगभग सात वर्षों के अंतराल के बाद हो रहा था। किंतु कार्यक्रमों की व्यस्तता के कारण भोज संभव नहीं हो सका और इसकी जगह एक संक्षिप्त बैठक आयोजित की गई।

# खेलों का नया अध्याय- पदकों से आगे अधिकार, न्याय और विकास

(पवन शुक्ला)

खेल विवादों के त्वरित और निष्पक्ष समाधान के लिए अब एक नेशनल स्पोर्ट्स ट्रिब्यूनल' स्थापित किया जाएगा। इसमें सुप्रीम कोर्ट या किसी उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के साथ दो अन्य विषय-विशेषज्ञ सदस्य शामिल होंगे।

साल 2025 के ग्रीष्मकाल में भारत के खेल परिदृश्य में एक नया अध्याय शुरू हुआ– जहाँ सिर्फ मैदानों में नहीं, बल्कि कानूनी-शासनिक संरचना में भी बदलाव की बयार चली। यह कहानी है उन पहलुओं की, जो पारदर्शिता, सहभागिता और खिलाड़ी कल्याण को केंद्र में लाती हैं।

23 जुलाई 2025 को संसद में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नर बिल पेश किया गया, जिसे 11 अगस्त को लोकसभा और 12 अगस्त को राज्यसभा ने पारित कर दिया। इस विधेयक ने खेल प्रशासन की बुनियादी संरचना को ही नई दिशा दी। इसके प्रावधानों के तहत एक नेशनल स्पोर्ट्स बोर्ड (एनएसबी) गठित होगा, जो बीसीसीआई, विभिन्न राष्ट्रीय खेल महासंघों और भारतीय ओलंपिक संघ जैसे निकायों को मान्यता प्रदान करेगा और उनके कामकाज की निगरानी करेगा। साथ ही, इन संस्थाओं के लिए कड़े आचार संहिता, स्वतंत्र शिकायत निवारण तंत्र और चुनावों के लिए स्वायत्त पैनल की व्यवस्था की जाएगी।

खेल विवादों के त्वरित और निष्पक्ष समाधान के लिए अब एक नेशनल स्पोर्ट्स ट्रिब्यूनल स्थापित किया जाएगा। इसमें सुप्रीम कोर्ट या किसी उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के साथ दो अन्य विषय-विशेषज्ञ सदस्य शामिल होंगे। यह व्यवस्था खिलाड़ियों से जुड़े मामलों–जैसे सहायता वितरण, वित्तीय अनियमितताएँ, या खेल निकायों की लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली से उत्पन्न विवाद को न्यायिक जटिलताओं से मुक्त कर पारदर्शी, त्वरित और निष्पक्ष समाधान का अवसर उपलब्ध कराएगी। हाल ही में पहलवानों के चयन और कुश्ती महासंघ के आंतरिक झगड़ों को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में लगातार सुनवाई हुई थी। ऐसी स्थितियों में अब खिलाड़ियों को एक तेज़ और विशेष मंच मिलेगा।

डोपिंग को लेकर भी बड़ा बदलाव आया। 12 अगस्त 2025 को पारित नेशनल एंटी डोपिंग (एमेनडमेंट) बिल नाडा नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी की स्वायत्तता बढ़ाई, अपील प्रक्रिया सुधारी और केवल वाडा वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी मान्यता प्राप्त लैबों को परीक्षण की अनुमति दी, जिससे खेलों में निष्पक्षता सुनिश्चित हुई। पिछले साल एशियाई खेलों के दौरान कुछ भारतीय एथलीटों के नमूनों में पाबंदी वाले पदार्थ मिलने की घटनाओं ने भारत की छवि को धक्का पहुँचाया था। हॉकी और एथलेटिक्स के खिलाड़ियों को लंबी पाबंदियों का सामना करना पड़ा। इन उदाहरणों ने यह ज़ाहिर किया कि कानूनी और वैज्ञानिक मजबूती के बिना खेलों में ईमानदारी बनाए रखना कठिन है।

ऑनलाइन गेमिंग के क्षेत्र में तो हलचल और भी तेज़ रही। 21-22 अगस्त 2025 को प्रमोशन एण्ड रेग्यूलेशन आफ आनलाइन गेमिंग एसीटी 2025 को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली।

इस कानून ने धन-आधारित ऑनलाइन खेलों पर प्रतिबंध लगाया, ई-स्पोर्ट्स को आधिकारिक मान्यता दी और उनके लिए नियामक ढांचा तैयार किया। इसके प्रभाव तुरंत दिखाई दिए–ड्रीम11 ने बीसीसीआई के साथ अपने प्रमुख प्रायोजन अनुबंध समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाया, फिल्टर जंगली ने भारत में अपनी धन-आधारित गेमिंग सेवाएँ बंद कर दीं और ड्रीम स्पोर्ट्स ने भी साफ़ कर दिया कि वह इस नए कानून को कानूनी चुनौती नहीं देगा। ऑनलाइन गेमिंग युवाओं में लत की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित कर मानसिक तनाव, सामाजिक दूरी और आर्थिक हानि के खतरे को बढ़ा रही थी।

खेल नीतियों के राज्य स्तरीय प्रयास भी उल्लेखनीय रहे। तेलंगाना ने 2025 में अपनी नई खेल नीति लागू की, जिसमें निजी निवेश और पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल को प्रोत्साहन दिया गया। इस पहल से निजी क्षेत्र खेल अवसंरचना, तकनीक और निर्माण कार्यों में सक्रिय रूप से भाग ले सकेगा। इसी अवधि में पश्चिम बंगाल ने नेताजी सुभाष यूनिवर्सटी आफ स्पोर्ट्स एण्ड इंटरप्रेनेयूशिप की स्थापना की, जो देश का पहला निजी खेल विश्वविद्यालय है और जहाँ खेल प्रबंधन, कानून, प्रदर्शन विश्लेषण जैसी विशिष्ट पढ़ाई के अवसर उपलब्ध होंगे। यह देश का पहला संस्थान है, जो खिलाड़ियों को खेल प्रदर्शन के साथ शिक्षा और करियर अवसर भी प्रदान करेगा।

यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि इन हालिया बदलावों का सकारात्मक प्रभाव मैदान पर अवश्य दिखाई देगा, क्योंकि टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में मीराबाई चानू और मनु भाकर जैसी भारतीय महिला खिलाड़ियों की पदक जीत ने सिद्ध किया है कि जब खिलाड़ियों को उचित संरचना और निष्पक्ष वातावरण मिलता है तो वे वैश्विक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में सक्षम होते हैं। इसके विपरीत, जो युवा एथलीट चयन विवादों और वित्तीय असमानताओं के कारण अवसरों से दूर रह जाते हैं, उनके लिए नए कानून आशा की किरण हैं। अब खिलाड़ियों की कहानियाँ पदक की जीत-हार से आगे बढ़कर अधिकार, सुरक्षा और न्याय से भी जुड़ेंगी। हालिया सुधारों ने खेलों को केवल कमाई और प्रदर्शन का साधन न बनाकर संरक्षण, समानता, न्याय और विकास का माध्यम बना दिया है, जिससे खिलाड़ियों को निष्पक्ष और सम्मानजनक वातावरण मिल सके। (लेखक- वर्तमान में उच्च न्यायालय, लखनऊ में राज्य विधि अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।) (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# ट्रंप टैरिफ चुनौती के बीच अर्थव्यवस्था की ताकत बनता कृषि क्षेत्र

**ट्रंप के टैरिफ वार के दौरान ही 2025 वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के जीडीपी के परिणाम इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाते है कि ट्रंप द्वारा हमारी अर्थव्यवस्था को मृत अर्थव्यवस्था करार देने के बावजूद चीन से भी हमारी जीडीपी विकास दर अधिक रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन एनएसओ द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार जीडीपी 7.8 प्रतिशत रही है। यह पिछले एक साल यानी कि अप्रैल-जून 2024, जुलाई-सितंबर 2024, अक्टूबर-दिसंबर 2024 और जनवरी-मार्च 2025 की तुलना में भी अधिक है।**

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)

निर्यात के क्षेत्र में भी कृषि सेक्टर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। दरअसल अमेरिका और ट्रंप का निशाना हमारा कृषि क्षेत्र और डेयरी क्षेत्र प्रमुखता से हैं। अमेरिका के आगे सरेण्डर होने के स्थान पर हमारी सरकार ने ट्रंप के टैरिफ से निपटने का संकल्प लिया है यह अपने आप में बड़ी बात है।

ट्रंप के टैरिफ वार के दौरान ही 2025 वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के जीडीपी के परिणाम इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाते है कि ट्रंप द्वारा हमारी अर्थव्यवस्था को मृत अर्थव्यवस्था करार देने के बावजूद चीन से भी हमारी जीडीपी विकास दर अधिक रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन एनएसओ द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार जीडीपी 7.8 प्रतिशत रही है। यह पिछले एक साल यानी कि अप्रैल-जून 2024, जुलाई-सितंबर 2024, अक्टूबर-दिसंबर 2024 और जनवरी-मार्च 2025 की तुलना में भी अधिक है। सबसे खासबात यह है कि जीडीपी में बढ़ोतरी का श्रेय कृषि और सर्विस सेक्टर को जा रहा है। कृषि सेक्टर ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह अर्थ व्यवस्था का प्रमुख स्तंभ है और तेजी से विकसित होती भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। निश्चित रुप से इसका श्रेय अन्नदाता को तो जाता ही है इसके साथ ही सरकार की किसानोन्मुखी और कृषिनोन्मुखी नीति को भी जाता है। कृषि और संबंध क्षेत्र जिसमें कृषि के साथ ही पशुपालन, वानिकी और मत्स्य पालन शामिल है। एक मोटे अनुमान के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का 14 प्रतिशत योगदान है तो प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से 50 प्रतिशत से अधिक लोगों की आजीविका एग्रीकल्चर सेक्टर पर आज भी निर्भर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को पूरा करने में कृषि क्षेत्र में भी पीछे नहीं रहने वाला है। देश में करीब 51 प्रतिशत यानी कि 159 मिलियन हैक्टेयर भूमि में खेती हो रही है। इसमें से 50 प्रतिशत से कुछ अधिक भूमि ही सिंचित है जबकि बहुत बड़ा क्षेत्र मानसून की मेहरबानी पर निर्भर है। यह एक सकारात्मकता है कि इस साल अभी तक मानसूनी बरसात औसत से अधिक और अच्छी बरसात हुई है। पिछले सालों में भी मानसून अनुकूल रहने से कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है।

कृषि और अन्नदाता की महत्ता को कोरोना काल ने बेहतर तरीके से समझा दिया है। कोरोना काल में कृषि सेक्टर ने दो तरह से



सहभागिता निभाई। एक तो जहां सब कुछ लॉक डाउन की भेंट चढ़ रहा था यहां तक कि घर में कैद होकर रह गए थे तब भी कृषि सेक्टर अपनी प्रभावी भूमिका निभाता रहा वहीं दूसरी और अन्नदाता की मेहनत से देश के गोदामों में भरे खाद्यान्नों के भण्डारों ने देश में खाद्यान्न की उपलब्धता बनाये रखी। आज भी करीब 80 करोड़ देशवासियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। यह अपने आप में बड़ी बात है। योजनाबद्ध तरीके से एक और किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं वहीं खासतौर से दलहन-तिलहन में भी देश को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास जारी है। किसान सम्मान निधि किसानों के लिए बड़ा सहारा बनती जा रही हैं वहीं ब्याजमुक्त कृषि ऋण, केसीसी का बढ़ता दायरा और ई नाम मण्डी, प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा, स्टोरेज सुविधा बढ़ाने के साथ ही समय पर खाद-बीज आदि की उपलब्धता का प्रभाव सामने हैं। एनएसओ की रिपोर्ट के अनुसार कृषि क्षेत्र की जीडीपी में भागीदारी 3.7 प्रतिशत रही है जबकि साल भर पहले यह 1.5 थी। ऐसे में यह अपने आप में आशा का संचार है। निर्यात के क्षेत्र में भी कृषि सेक्टर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। दरअसल अमेरिका और ट्रंप का निशाना हमारा कृषि क्षेत्र और डेयरी क्षेत्र प्रमुखता से हैं। अमेरिका के आगे सरेण्डर होने के स्थान पर हमारी सरकार ने ट्रंप के टैरिफ से निपटने का संकल्प लिया है यह अपने आप में बड़ी बात है। हो सकता है कि आने वाली तिमाही में ट्रंप टैरिफ का असर दिखाई दे पर जिस तरह से सरकार द्वारा वैकल्पिक प्रयास आरंभ किये जा रहे हैं उससे लगता है कि अर्थ व्यवस्था पर नकारात्मक असर नहीं होगा या होगा भी तो देश इससे निपटने को तैयार है। 50 प्रतिशत टैरिफ की चुनौती को आज समूचा देश निपटने को तैयार है। हालांकि ट्रंप ने सोचा था कि हम सरेण्डर कर देंगे, ड़र जाएंगे पर अब गीदड़ भभकी बेअसर होती देखकर ट्रंप की खीज अवश्य बढ़ने लगी है। पर यह नहीं भूलना चाहिए कि ट्रंप को अपने देश में ही अपनी तुगलकी नीति के कारण देर सवेर मुंह की खानी पड़ेगी। हालांकि अमेरिकी कोर्ट ने ट्रंप के टैरिफ निर्णय को अनुचित करार दे दिया है। आने वाले दिनों में इसके प्रभाव अमेरिका में और अधिक दिखाई देंगे क्योंकि हम और हमारी सरकार ट्रंप की चुनौती से निपटने के लिए मानसिक रुप से तैयार हो चुकी है।

खैर यह विषयांतर होगा। कहने का अर्थ है कि यह और आने वाले साल भी खेती-किसानी के लिए सकारात्मक ही होंगी। रबी के अच्छे परिणाम आये हैं। चालू खरीफ में अच्छे मानसून के चलते अच्छी बुवाई हुई है। बुवाई क्षेत्र बढ़ा है। सरकार भी बड़े लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। हालांकि यह कटु सत्य है कि ग्रामीण रहवासियों की आजीविका का प्रमुख माध्यम खेती ही है तो समूचे देश की खाद्य सुरक्षा की जिम्मेदारी भी इसी क्षेत्र के पास है। अमेरिकी नीति के कारण निर्यात पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को भी अन्य देशों को निर्यात बढ़ाकर पूर्ति करने की बड़ी चुनौती है। इसके साथ ही खेती किसानी की अपनी चुनौतियां बरकरार है। आज भी कुल कृषि उत्पादन का 10 से 15 प्रतिशत उत्पादन फसलोत्तर सुविधाओं की कमी के कारण बर्बाद हो जाता है। कृषि जोत कम होती जा रही है। बढ़ते शहरीकरण का प्रभाव भी पड़ रहा है। कृषि क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज, परिवहन की कोल्ड चेन और भण्डारण की बेहतर व्यवस्थाओं की दरकार है। कृषि प्रसंस्करण क्षेत्र और फूड पार्क जिस तरह से आकार लेने चाहिए थे वे ले नहीं पाये है। बीमा क्षेत्र में भी बहुत किया जाना अपेक्षित है तो कृषि उपज की खरीद व्यवस्था और एमएसपी खरीद को लेकर भी तेजी से काम किया जाना है। सरकार को एक बात समझनी चाहिए कि खेती क्षेत्र में जो भी सब्सिडी देय है उसे उत्पादकता से जोड़ा जाये यथा कृषि इनपुट या यों कहे कि खाद-बीज, कीटनाशक आदि के किट के रुप में उपलब्ध कराया जाये तो उसका लाभ अनुदानित राशि के स्थान पर इनपुट मिलने से उसका उपयोग खेती किसानी में ही होने से उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने में ही होगा। इसी तरह से खरीद व्यवस्था में बहुत सुधार के बावजूद अभी भी बहुत करते हुए बिचौलियों को व्यवस्था से दूर करना होगा। खैर यह सब दीर्घकालीन सुधार कार्य है पर बेहतर जीडीपी प्रदर्शन और कृषि क्षेत्र की उल्लेखनीय हिस्सेदारी को प्रोत्साहित करते हुए सराहना की जानी चाहिए। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# लोकायुक्त साढ़े 8 महीने बाद भी चालान पेश नहीं कर पाया

## पूर्व आरटीओ कांस्टेबल सौरभ शर्मा मामलाः गवाह है, सबूत है, आरोपी है...

**भोपाल।** मप्र के बहुचर्चित भ्रष्टाचार मामले में आरोपी पूर्व आरटीओ कांस्टेबल सौरभ शर्मा और उसके साथियों को जमानत मिल गई है। हालांकि आरोपी अभी जेल में ही हैं। लेकिन विडंबना यह है कि गवाह है, सबूत है, आरोपी है...फिर भी लोकायुक्त साढ़े 8 महीने बाद भी चालान पेश नहीं कर पाया है। दरअसल, किसी भी मामले में अगर 60 दिन के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं की जाती है तो आरोपी जमानत का हकदार हो सकता है। जब तक की मामला रासुका या मकोका ना हो। लेकिन आज तक लोकायुक्त चालान पेश नहीं कर पाया है। गौरतलब है कि परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के ठिकानों पर लोकायुक्त के छापे पड़े थे। लोकायुक्त पुलिस ने




सौरभ शर्मा के ठिकानों पर छापेमारी कर 234 किलो चांदी और करोड़ों रुपये कैश बरामद किए थे। इसके बाद सौरभ के एक सहयोगी की कार से आयकर विभाग को 54 किलो सोना और 10 करोड़ रुपये नकद मिले थे। इस मामले की तीन एजेंसियां जांच कर रही हैं, जिसमें लोकायुक्त पुलिस, ईडी और आयकर विभाग शामिल है। इस छापे को करीब साढ़े आठ महीने हो चुके हैं, लेकिन अब तक चालान पेश नहीं हो सका है। चालान में देरी के चलते लोकायुक्त प्रकरण में सौरभ और उसके दोनों साथियों चेतन गौर और शरद जायसवाल को विशेष न्यायालय से जमानत मिल चुकी है। हालांकि प्रवर्तन निदेशालय के प्रकरण में सौरभ और शरद अभी जेल में हैं, जबकि तीसरा साथी चेतन 3 सितम्बर तक उच्च न्यायालय द्वारा दी गई अस्थायी जमानत पर जेल से बाहर है।

### लगातार बढ़ रहीं हैं तारीखें

गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में एक महीने बाद जुड़ा लेकिन ईडी 8 अप्रैल 2025 को न्यायालय में चालान पेश कर दिया है। ईडी ने चेतन की कार से मिले सोने और नकदी सहित कंपनियों में निवेश राशि को भी सौरभ की काली कमाई बताते हुए न्यायालय में इसकी कुर्की का आवेदन भी किया है। लेकिन सबसे पहले छापा मारने वाली आयकर विभाग की टीम द्वारा न्यायालय में चालान पेश नहीं किए जाने से लोकायुक्त की कार्यशैली पर फिर से सवाल खड़े हो रहे हैं। सौरभ और उसके साथियों के मामले में भोपाल जिला न्यायालय में बिना किसी ठोस कार्रवाई या निर्णय के लोकायुक्त और ईडी प्रकरणों में बार-बार न्यायालय में तारीखें बढ़ाई जा रही हैं। पिछली पेशी 30 अगस्त को थी जो बढकर 13 सितम्बर हो गई थी। इस दिन शनिवार के साथ-साथ लोक अदालत रहेगी, न्यायालधीशों के लोक अदालत में व्यस्तता के चलते एक बार फिर से पेशी बढ़ सकती है।

### पिछले साल दिसंबर में पड़ा था छापा

18 दिसम्बर 2024 को सुबह 6 बजे लोकायुक्त टीम ने सौरभ शर्मा के अरेरा कॉलोनी स्थित दो ठिकानों घर और कार्यालय) पर छापा मारा था। सौरभ के ठिकानों से मिली चल-अचल संपत्तियों को सार्वजनिक किए बिना दिनभर चली कार्रवाई संदेह के घेरे में भी रही। क्योंकि लोकायुक्त की कार्रवाई के बीच सौरभ के ठिकाने से उसके साथी चेतन के नाम पर पंजीकृत एक कार निकल भागी, जिसमें 11 करोड़ नकदी और 52 किलो सोना रखा था। चूंकि आयकर विभाग भी सौरभ के ठिकानों पर कार्रवाई के लिए तैयार बैठा था, लेकिन लोकायुक्त के छापे के बाद उसे पीछे हटना पड़ा था। नकदी और सोने से भरी कार के निकल भागने की सूचना मिलते ही आयकर विभाग की टीम इस कार के पीछे लगी और आखिर मेंडोरी के जंगल में इस कार से 11 करोड़ नकदी और 52 किलो सोना जब्त किया था। यह दोनों ही एजेंसियां की जांच सौरभ की भोपाल में जब्त संपत्तियों तक सिमटी रही। लेकिन एक महीने बाद प्रवर्तन निदेशालय इस प्रकरण में शामिल हुआ और ग्वालियर, जबलपुर और भोपाल में सौरभ, चेतन और शरद के ठिकानों के अलावा परिजनों व कुछ रिस्तेदारों के ठिकानों पर भी छापे मारे। इन छापों में सामने आया कि सौरभ ने उसके रिस्तेदारों, दोस्तों और परिजनों के नाम से फर्मों, कंपनियों और सोसायटी के नाम से बड़ी मात्रा में पैसा निवेश किया है। कंपनियों में डायरेक्टर, चेयरमैन जैसे पदों पर होने के कारण ईडी ने सौरभ, चेतन और शरद के अलावा सौरभ की माँ श्रीमती उमा शर्मा, पत्नी श्रीमती दिव्या तिवारी, साले रोहित तिवारी और मौसेरे जीजा विनय हासवानी को भी आरोपी बनाया। हालांकि सौरभ द्वारा इन संपत्तियों में निवेश राशि स्वयं की होने की बात स्वीकारी इस आधार पर न्यायालय ने ईडी प्रकरण में चारों को जमानत दे दी थी। ईडीं प्रकरण में सौरभ, शरद, चेतन की जमानत उच्च न्यायालय से भी खारिज हो चुकी है। हालाकि चेतन को बीमार पत्नी और नवजात बच्चों की देखभाल के लिए पहले 14 दिन और फिर 7 दिन की अस्थायी जमानत मिली है।

# प्रदेश में त्योहारों से पहले सुधरेंगी शहरों की सडकें



बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में 2.5 करोड़ से अधिक परिवार शहरी क्षेत्रों में रहते हैं और ये राज्य की अर्थव्यवस्था में 35 प्रतिशत से अधिक योगदान देते हैं। अब तक 8.32 लाख से ज्यादा किफायती मकान तैयार हो चुके हैं और 10 लाख घर निमार्णाधीन हैं।

**भोपाल।** त्योहारों से पहले मप्र के शहरी इलाकों की सडकों की मरम्मत तेजी से होगी। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सडकों के निर्माण और मरम्मत कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। उन्होंने कहा कि नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को पूरी जानकारी मिले, इसके लिए 413 नगरीय निकायों में सडकों पर बोर्ड लगाए जाएं, जिन पर निर्माण एजेंसी और निविदा शर्तें दर्ज हों। मंत्री विजयवर्गीय ने मंत्रालय में समीक्षा बैठक में कहा कि शहरों की आबादी तेजी से बढ़ रही है, जिससे अधोसंरचना पर दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने अफसरों से कहा कि इस स्थिति को देखते हुए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में 2.5 करोड़ से अधिक परिवार शहरी क्षेत्रों में रहते हैं और ये राज्य की अर्थव्यवस्था में 35 प्रतिशत से अधिक योगदान देते हैं। अब तक 8.32 लाख से ज्यादा किफायती मकान तैयार हो चुके हैं और 10 लाख घर निमार्णाधीन हैं। वहीं, अक्टूबर 2019 से अब तक करीब 51 हजार करोड़ रुपये का निवेश शहरी कल्याण कार्यों में हो चुका है।

### सडक निर्माण में नए नियम लागू

विभागीय मंत्री के निदेर्शों के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। इसके तहत सडक निर्माण की निविदाएं केवल ई-टेंडर से होंगी। हर प्रोजेक्ट में तीन साल का मेंटनेंस प्रावधान जरूरी रहेगा। काम शुरू और पूरा होने पर जियो टैग फोटो अनिवार्य होगी। निविदा की शर्तों का डिजिटाइजेशन होगा। कांक्रीट सडक निर्माण में पूरी प्रक्रिया का पालन सख्ती से कराया जाएगा।

### नागरिकों की सुविधा पर जोर

निदेर्शों में कहा गया है कि सडकों पर संकेतक बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाए जाएं और आसपास पौधरोपण किया जाए। साथ ही, स्पीड ब्रेकर भी तय मानकों के अनुसार ही बनाए जाएं ताकि लोगों को असुविधा न हो।

# स्मार्ट मीटर पूरी तरह पारदर्शी और सटीक, असंतुष्ट हैं तो चेक मीटर लगवाएं

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि स्मार्ट मीटर पूरी तरह से पारदर्शी और सटीक हैं, यदि किसी उपभोक्ता को संतुष्टि नहीं है तो वह चेक मीटर लगाने का आवेदन दे सकता है। कंपनी ने कहा है कि स्मार्ट मीटर की स्थापना के दौरान पुराने मीटरों को बदला जा रहा है और उपभोक्ता परिसरों में नये स्मार्ट मीटर स्थापित किये जा रहे हैं। इस दौरान जो उपभोक्ता असंतुष्ट हैं उनके परिसरों में चेक मीटर भी स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि दोनों मीटरों की खपत का मिलान किया जा सके। कंपनी ने कहा है कि अभी तक कंपनी कार्यक्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर कुल 07 हजार 39 चेक मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। हालांकि जहां-जहां भी चेक मीटर लगाए गए हैं, वहां पर रीडिंग में कोई अंतर नहीं



पाया गया है। सभी उपभोक्ता स्मार्ट मीटर की रीडिंग से संतुष्ट हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि उपभोक्ताओं की मांग पर अभी तक भोपाल शहर में 3219, भोपाल ग्रामीण में 14, बैतूल में 22, नर्मदापुरम में 112, रायसेन में 70, राजगढ़ में 01, सीहोर में 1048, विदिशा में 857, अशोक नगर में 17, भिण्ड में 26, ग्वालियर शहर में 561, दतिया में 31, गुना में 844, ग्वालियर ग्रामीण में 96, हरदा में 43, मुरैना में 50, श्योपुर में 22 तथा शिवपुरी में 6 चेक मीटर लगाए गए हैं। अभी तक स्मार्ट मीटर तथा चेक मीटर की रीडिंग में शत- प्रतिशत समानता पाई गई है। कंपनी ने कहा है कि स्मार्ट मीटर में बगैर किसी मानवीय हस्तक्षेप के स्वचलित तरीके से बिजली की खपत दर्ज होती है, जिसकी जानकारी उपभोक्ता किसी भी समय मोबाइल पर उपाय एप के माध्यम से प्राप्त कर सकता है। उपभोक्ताओं के परिसर पर मीटर लगाने के पहले विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 100 प्रतिशत स्मार्ट मीटरों की एन.ए.बी.एल लैब में टेस्टिंग करवाई जा रही है। कंपनी ने कहा है कि जहाँ भी चेक मीटर लगाये गये हैं वहाँ पर उपभोक्ताओं द्वारा स्मार्ट मीटर और चेक मीटर की रीडिंग में अंतर की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। फिर भी जिन उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की रीडिंग से शिकायत है वो स्मार्ट मीटर के साथ चेक मीटर लगवा सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपने जोन अथवा वितरण केन्द्र में आवेदन करना होगा।

# मप्र के दो शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

## शिक्षक दिवस पर उल्लेखनीय कार्य के लिये नई दिल्ली में होंगे सम्मानित

शीला पटेल ने अवकाश के दिनों में समर कैम्प एवं विंटर कैम्प का आयोजन किया। उन्होंने अपनी पदस्थापना के शाला के गाँव की हर गली व मोहल्लों में जगह-जगह पर बच्चों को सिखाने के उद्देश्य से शैक्षिक पटल व लर्निंग प्लेस तैयार करवाया।




**भोपाल।** प्रदेश के 2 शिक्षकों को वर्ष 2025 का राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 5 सितम्बर शिक्षक दिवस पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा प्रदान किया जायेगा। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने वाले शिक्षकों में दमोह जिले की प्राथमिक शिक्षक श्रीमती शीला पटेल शासकीय प्राथमिक शाला देवरान टपरिया में पदस्थ हैं। आगर-मालवा जिले के भेरूलाल ओसारा माध्यमिक शिक्षक शासकीय ईपीईएस माध्यमिक शाला खेरिया सुसनेर में पदस्थ हैं। प्रदेश के समस्त 55 जिलों में से 45 जिलों में 145 शिक्षकों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2025 के लिये अपना पंजीयन कराया गया था। इसके बाद राज्य स्तरीय चयन समिति ने 6 शिक्षकों की अनुशंसा केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को भेजी थी। इस प्रक्रिया के बाद प्रदेश के 2 शिक्षकों का चयन राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिये हुआ है। शीला पटेल ने अपनी शाला में बच्चों को खेल-खेल में आनंदमयी शिक्षा दी है। उन्होंने गीत, कविता, कहानी और अभिनय के माध्यम से फाउण्डेशन लिटरेसी मिशन (एफएलएन) का क्रियान्वयन किया है। इसी के साथ उन्होंने अवकाश के दिनों में महिला साक्षरता को बढ़ावा देने के लिये विशेष कक्षाओं का संचालन किया। शीला पटेल ने अवकाश के दिनों में समर कैम्प एवं विंटर कैम्प का आयोजन किया। उन्होंने अपनी पदस्थापना के शाला के गाँव की हर गली व मोहल्लों में जगह-जगह पर बच्चों को सिखाने के उद्देश्य से शैक्षिक पटल व लर्निंग प्लेस तैयार करवाया। शिक्षिका श्रीमती पटेल ने बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि पैदा करने के लिये शून्य लागत पर टीचिंग लर्निंग मटेरियल (टीएलएम) तैयार किया। बच्चों में समझ को बढ़ावा देने के लिये समूह में आपस में चर्चा और उनकी सहभागिता को बढ़ाने का काम प्रमुख रूप से किया।

# बाघों को मिलेगी संजीवनी, गूंजेगी दहाड़

## मप्र में वनतारा 2.0 सच करेगा सपना



**भोपाल।** वनतारा यानि जंगल का तारा एक ऐसा नाम जिसकी खनक आज देश ही नहीं दुनिया में गूंजती है। एक ऐसी पहचान जो खतरे में पड़े जंगली जानवरों के लिए वरदान साबित हो रही है। वनतारा, भारत में अपनी तरह का पहला इनिशिएटिव है, जहां जानवरों की पूरी देखभाल की जाती है। ये नाम अब मध्यप्रदेश टाइगर फाउंडेशन समिति के साथ जुड़ गया है। दरअसर मप्र सरकार ने ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर (वनतारा) के साथ एक एमओयू साइन किया है जो मप्र के टाइटर रिजर्व की तस्वीर बदलकर रख देगा। बता दें कि रातापानी और माधव नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व घोषित करने के साथ अब मप्र में कुल 9 टाइगर रिजर्व हैं। इन टाइगर रिजर्व में कान्हा, संजय दुबरी, पेंच, रातापानी, माधव नेशनल पार्क, बांधवगढ़, पन्ना, नौरादेही और सतपुड़ा हैं। देश में 9 टाइगर रिजर्व के साथ ही मप्र को टाइगर स्टेट का दर्जा मिला हुआ है। साल 2022 की गणना के मुताबिक मप्र के इन 9 टाइगर रिजर्व में 785 बाघ हैं जो 2018 की तुलना में काफी ज्यादा हैं। साल 2018 में इनकी संख्या 526 थी। ये आंकड़े भले ही बढ़ते हुए दिखाई पड़ते हों लेकिन अब हालात तेजी से बदल रहे हैं। लगातार हो रही टाइगर की मौत से नए संकट की आहट सुनाई देने लगी है। आंकड़ों की बात करें तो साल 2025 में अब तक पूरे देश में 117 टाइगर की मौत हो चुकी है जिनमें से अकेले मप्र से 36 टाइगर की मौत चुकी है। भारत में अब 3682 बाघ हैं मौजूद साल 2022 की गणना के मुताबिक भारत में अभी 3682 बाघ मौजूद हैं। भारत में हर चार साल में बाघ की गणना की जाती है। साल 2018 में की गई गणना की बात करें तो उस वक्त भारत में बाघों की संख्या 2967 थी। बाघ में सालाना 6 प्रतिशत की दर से बाघ बढ़े हैं। हालांकि एक बार फिर हालात बदले हुए दिखाई पड़ रहे हैं। इस साल इनकी संख्या में कमी देखी जा रही है। साल 2025 में अब तक पूरे देश में 117 टाइगर की मौत हो चुकी है जिनमें से अकेले मप्र से 36 टाइगर की मौत चुकी है। मप्र में क्या-क्या होगा बदलाव? वन्यजीवों को बचाने के लिए स्वास्थ्य चिकित्सा और बचाव के तरीकों में बदलाव किया जाएगा। इसके लिए नए पशु चिकित्सा अस्पताल और नैदानिक प्रयोगशालाएं बनाई जाएंगी। इसके साथ ही जानवरों को बचाने के लिए पहले से जो सुविधाएं मौजूद हैं उन्हें आधुनिक और उन्नत किया जाएगा। प्रदेश के चिडि ?ाघरों के लिए एकीकृत डिजिटल प्रबंधन सूचना प्रणाली विकसित की जाएगी। विशेष रूप से चिडि ?ाघरों में मौजूद बाघों की आबादी का आणविक आनुवंशिक विश्लेषण ग्रीन्स सेंटर की लैब में संभव होगा। वन्यजीवों को प्रभावित करने वाली बीमारियों की रोकथाम, निदान और उपचार के लिए संयुक्त अनुसंधान किया जाएगा। यह एमओयू दो साल की अवधि के लिए लागू रहेगा। इस दौरान ग्रीन्स सेंटर राज्य शासन को तकनीकी प्रोटोकॉल, पशु चिकित्सा पद्धतियों और पशु कल्याण मानकों पर सुझाव देगा। वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट ने उठाए सवाल टाइगर की लगातार हो रही मौतों को लेकर वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट अजय दुबे का कहना है कि इसे लेकर टाइगर टास्क फोर्स बनाने की जरूरत है।

# 1 करोड़ नगद जब्त, 20 बैंक खाते-20 लॉकर सील

## साइंस हाउस कंपनी के टैक्स चोरी का खुलासा, विदेशी लिंक-बोगस बिलिंग और सप्लाई का इनपुट

आयकर विभाग की टीम ने मंगलवार को भोपाल, इंदौर, मुंबई समेत कई शहरों में 30 से अधिक ठिकानों पर छापे मारे। कार्रवाई बुधवार को भी जारी रही।



**भोपाल।** भोपाल में साइंस हाउस मेडिकल प्राइवेट लिमिटेड (एसएचएमपीएल) पर इनकम टैक्स विभाग और ईडी के छापे बुधवार को भी जारी रहे। छापों में टैक्स चोरी के नेटवर्क का खुलासा हुआ है। ईडी की कार्रवाई में बड़े टैक्स चोरी का खुलासा हुआ है। जांच में विदेशी लिंक के साथ बोगस बिलिंग और सप्लाई का इनपुट मिला है। इनकम टैक्स टीम ने साइंस हाउस के संचालकों के ठिकानों से 1 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी जब्त की है। वहीं बैंकों के 20 लॉकर सील किए गए। आईटी के अफसर बैंक खातों की जांच में जुटे हुए है। जांच में विदेशी लिंक के साथ बोगस बिलिंग और सप्लाई की बात पता चली है। टीम ने साइंस हाउस के संचालकों के ठिकानों से एक करोड़ रुपए से अधिक की नकदी जब्त की है। बैंकों के 20 लॉकर सील किए गए हैं। इनकम टैक्स विभाग के अफसर साइंस हाउस के संचालक जितेंद्र तिवारी और उनके परिजन के बैंक खातों की भी जांच कर रहे हैं। जिन खातों में बड़ी रकम जमा हुई है, उसका स्रोत खंगाला जा रहा है। नकद राशि और ज्वेलरी के वेरिफिकेशन के लिए बैंक अधिकारियों की टीम को भी बुलाया गया था। जांच पूरी होने के बाद पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर सीबीडीटी को सौंपी जाएगी। कंपाइल रिपोर्ट के आधार पर संबंधित व्यक्तियों को अलग से पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। आयकर विभाग की टीम ने मंगलवार को भोपाल, इंदौर, मुंबई समेत कई शहरों में 30 से अधिक ठिकानों पर छापे मारे। कार्रवाई बुधवार को भी जारी रही। राजेश गुप्ता का विदेश में भी कारोबार आयकर विभाग की टीम मेडिकल सर्जिकल उपकरणों के कारोबारी राजेश गुप्ता के यहां भी सर्चिंग कर रही है। उनके भोपाल में लालघाटी स्थित मकान पर जांच के दौरान मिले दस्तावेजों से विदेशी लिंक का पता चला है। विदेश में उनकी संस्था और कारोबार की जानकारी मिलने के बाद इस मामले में ईडी की एंट्री भी तय मानी जा रही है। यह भी पता चला है कि जितेंद्र तिवारी, राजेश गुप्ता और अन्य के यहां से अर्जित अवैध आय से रियल एस्टेट में निवेश किया गया है। जितेंद्र तिवारी और उनके परिजन कई शैल कंपनियों में डायरेक्टर हैं। बोगस बिलों पर भुगतान लेने के लिए फर्जी कंपनियों को आधार बनाया गया। इनके नाम पर सप्लाई दिखाकर पेमेंट लेने का काम किया गया है। रिटायर्ड आईएएस से भी कनेक्शन इन कारोबारियों के रिटायर्ड आईएएस अधिकारियों से लिंक भी सामने आए हैं, जिनके जरिए इन्हें नियम विरुद्ध सप्लाई ऑर्डर मिलते रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के भी कुछ अफसरों की भूमिका जांच के दायरे में आ रही है। सूत्रों के मुताबिक, आयकर विभाग के पूर्व डीजी इन्वेस्टिगेशन ने इस छापे की प्लानिंग कर ली थी। लेकिन इसके पहले ही उनका तबादला हो गया। ऐसे में वर्तमान डीजी इन्वेस्टिगेशन बिजॉय कुमार पांडा ने इसी फाइल को सबसे पहले एक्शन में लेने का फैसला किया है।

# राम मनोहर लोहिया कालेज ने छात्रा को बताया ट्यूटर

*__भोपाल।__ भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने राम मनोहर लोहिया नर्सिंग कॉलेज भोपाल में गंभीर अनियमितताओं और फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से मान्यता प्राप्त करने की साजिश का खुलासा किया है। इस संबंध में एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने मुख्य सचिव के साथ-साथ लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आयुक्त और मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल के अध्यक्ष और रजिस्ट्रार को शिकायत पत्र सौंपकर एफआईआर दर्ज करने और कॉलेज के मान्यता आवेदन को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन द्वारा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन में कंचन यादव को ट्यूटर के रूप में दशार्या गया है, जबकि वास्तविकता यह है कि वह वर्तमान में इंदौर से एमएससी नर्सिंग (सत्र 2024-25) की पढ़ाई कर रही हैं। यह सीधा-सीधा फजीर्वाड़ा है, क्योंकि कोई भी छात्रा एक साथ पढ़ाई करते हुए फैकल्टी के रूप में नियुक्त नहीं हो सकती। जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर ने कहा कि यह मामला न केवल नियमों का गंभीर उल्लंघन है, बल्कि फर्जी दस्तावेजों और भ्रामक जानकारी के आधार पर मान्यता प्राप्त करने की कोशिश है, जो भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(2), 336, 337 और 338 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। कॉलेज प्रबंधन पर दंडात्मक कार्यवाही हो एनएसयूआई ने मांग की है कि कॉलेज प्रबंधन पर एफआईआर दर्ज कर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाए। कॉलेज के मान्यता आवेदन को तत्काल निरस्त किया जाए।*

## संक्षिप्त समाचार

### हैती में बख्तरबंद वाहन दुर्घटना में 2 लोगों की मौत और आठ केन्याई पुलिस अधिकारी घायल

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस, एजेंसी।** हैती की राजधानी में दो बख्तरबंद वाहनों की टक्कर में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और केन्या के आठ पुलिस अधिकारी घायल हो गए। सभी घायल संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक मिशन के सदस्य थे जो इस अशांत कैरेबियाई देश में गिरोहों से लड़ रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि घायलों में से तीन की हालत गंभीर है और उन्हें उपचार के लिए पड़ोसी डोमिनिकन गणराज्य ले जाया गया है। यह दुर्घटना रविवार शाम राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस के बाहरी इलाके में केंसकॉफ-पेटियन-विले मार्ग पर हुई। मिशन प्रवक्ता जैक ओम्बाका ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब एक बख्तरबंद वाहन, जो एक खराब वाहन को खींच रहा था, खराब हो गया।

### नेपाल ने चीन की ग्लोबल सिक्योरिटी इनिशिएटिव का नहीं किया समर्थन

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के आर्थिक और विकास सलाहकार डॉ. युवराज खतीवड़ा ने स्पष्ट किया है कि नेपाल ने चीन के विश्व सुरक्षा पहला या ग्लोबल सिक्योरिटी इनिशिएटिव (जीएसआई) का समर्थन नहीं किया है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पीएम ओली के बीच हाल में हुई द्विपक्षीय वार्ता को लेकर उठे सवालों पर डॉ. खतीवड़ा ने कहा कि उस मुलाकात में इस विषय पर कोई समझौता या सहमति नहीं हुआ। खतीवड़ा ने बताया कि नेपाल सरकार किसी भी देश की सुरक्षा रणनीति का हिस्सा नहीं बनेगी। यह वार्ता 30 अगस्त को चीन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन के अवसर पर हुई थी। नेपाल की ओर से जीएसआई समर्थन का संकेत मिलने पर खतीवड़ा ने कहा, ओली की यह यात्रा मुख्य रूप से एससीओ प्लस सम्मेलन में भाग लेने के लिए थी। ऐसे साइड लाइन बैठकों में सामान्यत~ समझौते पर हस्ताक्षर नहीं होते।

### नाईजीरिया में ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने महिला को जलाकर मार डाला

**एबूजा, एजेंसी।** मध्य नाइजीरिया में भीड़ ने इस्लाम के खिलाफ ईशनिंदा का आरोप लगाकर एक महिला को जलाकर मार डाला। नाइजर राज्य के पुलिस प्रवक्ता वसीउ अबियोदुन ने कहा कि महिला को शनिवार को भीड़ ने हमले में आग लगा दी। क्योंकि उसने पैगंबर मोहम्मद के बारे में टिप्पणी की थी। महिला उत्तर-पश्चिमी नाइजीरिया के कटसिना राज्य की अमाये नामक फूडसेलर थी। पुलिस इस कृत्य की निंदा करती है तथा जनता से हमलावरों की तलाश के दौरान शांत रहने का आग्रह करती है। नाइजीरिया के 12 मुस्लिम बहुल राज्यों में शरिया कानून सामान्य कानून के साथ-साथ लागू है और ईशनिंदा के लिए मृत्यु दंड का प्रावधान है।

### न्यूयॉर्क के पूर्व मेयर को मिलेगा प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।**एपी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने कहा कि वह न्यूयॉर्क के पूर्व मेयर रूडी गिउलिआनी को प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम से सम्मानित करेंगे। एक दिन पहले न्यूयॉर्क के पूर्व मेयर एक सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए थे। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक बयान में गिउलिआनी को न्यूयॉर्क शहर के इतिहास में सबसे महान मेयर और समान रूप से महान अमेरिकी देशभक्त कहा। उनकी 11 सितंबर के हमलों के बाद उनके नेतृत्व के लिए सराहना की गई थी।

### वेनेजुएला के राष्ट्रपति बोले- अमेरिकी सेना ने हमला किया तो करेंगे सशस्त्र गणराज्य का एलान

**काराकास , एजेंसी।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने सोमवार को कहा कि यदि उनके देश पर अमेरिकी सेना हमला करती है तो वह सांविधानिक रूप से एक सशस्त्र गणराज्य की घोषणा करेंगे। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिकी सरकार ड्रग कार्टेल के खतरों से निपटने के लिए वेनेजुएला के तटीय जलक्षेत्र में अपनी समुद्री सेना को बढ़ाने की तैयारी में है। अमेरिका ने तैनात किए जा रहे हजारों सैनिकों द्वारा किसी भी जमीनी घुसपैठ का संकेत नहीं दिया है। फिर भी मादुरो की सरकार ने अपने तट और पड़ोसी कोलंबिया की सीमा पर सैनिकों को तैनात करके, वेनेजुएला के लोगों से एक नागरिक मिलिशिया में भर्ती होने का आग्रह करके जवाबी कार्रवाई की है। मादुरो ने कहा कि अधिकतम सैन्य दबाव के मद्देनजर हमने वेनेजुएला की रक्षा के लिए तैयारी की घोषणा की है। अमेरिकी नौसेना के पास अब कैरिबियन सागर में दो एजिस निर्देशित मिसाइल विध्वंसक यूएसएस ग्रेवली और यूएसएस जेसन डनहम हैं। यह तैनाती ऐसे समय में की गई है, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन कार्टेलों को विफल करने के लिए सेना का उपयोग करने पर जोर दिया है, जिन्हें वे अमेरिकी समुदायों में फेंटेनाइल और अन्य अवैध दवाओं के प्रवाह और कुछ अमेरिकी शहरों में हिंसा को जारी रखने के लिए जिम्मेदार मानते हैं।

**कहा- भारत गलत कर रहा, एक पॉइंट पर हमें आगे आना पड़ेगा**

# रूसी तेल खरीद पर अमेरिकी वित्त मंत्री का बेतुका बयान

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को लेकर अमेरिकी नेताओं के बेतुके बयान जारी हैं। अब अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारत की आलोचना की है और आरोप लगाया कि भारत अभी भी रूस से कच्चा तेल खरीद रहा है और यूक्रेन युद्ध को बढ़ा रहा है। एक स्थानीय मीडिया को दिए इंटरव्यू में स्कॉट बेसेंट ने भारत को गलत बताया और कहा कि अगर ऐसे ही चलता रहा तो अमेरिका और इसके सहयोगियों को एक पॉइंट पर आगे आना होगा।

**एससीओ बैठक को बताया दिखावा:** फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में स्कॉट बेसेंट से जब चीन में आयोजित हुई एससीओ बैठक को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि यह बैठक पहले से तय थी और यह व्यापक तौर पर दिखावा लगा।



आखिर में भारत, जो कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, उसके मूल्य हमारे ज्यादा करीब हैं और उसके बाद चीन के और फिर कहीं रूस के करीब हैं।

उन्होंने कहा, देखिए, ये सभी गलत कर रहे हैं। भारत, रूस की युद्ध मशीन को ईंधन दे रहा है और उसी तरह चीन भी ऐसा कर रहा है। मुझे लगता है कि एक पॉइंट पर अमेरिका और इसके सहयोगियों को आगे आना पड़ेगा। स्कॉट बेसेंट ने कहा कि भारत, रूसी तेल खरीदकर उसे रिफाइन करके बेचकर, यूक्रेन में रूस युद्ध को वित्तपोषित कर रहा है। उन्होंने संकेत दिए कि ट्रंप प्रशासन रूस के खिलाफ और प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है। स्कॉट बेसेंट ने भारत की आलोचना के साथ ही ये उम्मीद भी जताई कि अमेरिका और भारत के संबंध सुधर जाएंगे और दोनों देश अपने मतभेदों को सुलझाने में सक्षम हैं। स्कॉट बेसेंट ने भारत पर लगाए गए पारस्परिक टैरिफ का भी बचाव किया और कहा कि वे हमें भारी मात्रा में सामान बेचते हैं, उनके सबसे बड़े ग्राहक हम हैं, लेकिन हम उन्हें बहुत कम सामान बेचते हैं। अब तक यह पूरी तरह से एकतरफा रिश्ता रहा है, और यह कई दशकों से चला आ रहा है। इसकी वजह यह है कि भारत ने अब तक हमसे इतने ऊंचे टैरिफ वसूले हैं, किसी भी देश से ज्यादा कि हमारे व्यवसाय भारत में सामान नहीं बेच पा रहे हैं।

## कैलिफोर्निया के गवर्नर ने मोदी-पुतिन के वीडियो से ट्रंप पर साधा निशाना

**सैक्रामेंटो, एजेंसी।** अमेरिका में अपराध और अवैध प्रवास पर सख्त कार्रवाई की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजना को लेकर राजनीतिक खींचतान तेज हो गई है। इसी बीच कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजम ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की एक वीडियो क्लिप शेयर करते हुए ट्रंप पर करारा तंज कसा।

न्यूजम डेमोक्रेटिक पार्टी से हैं और 2028 में राष्ट्रपति पद की दौड़ में उतरने के दावेदार माने जा रहे हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, लेकिन चिंता मत कीजिए, ट्रंप शिकागो में गार्ड भेज रहे हैं। इस पोस्ट के साथ उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन का वीडियो साझा किया, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी और पुतिन हाथ थामे हंसते हुए शी जिनपिंग की ओर बढ़ते दिखाई देते हैं। इसके बाद तीनों नेता आपस में बातचीत करते और हंसते नजर आते हैं। दरअसल, पिछले हफ्ते राष्ट्रपति ट्रंप ने इशारा किया था कि वे देश के तीसरे सबसे बड़े शहर शिकागो और फिर न्यूयॉर्क में नेशनल गार्ड की तैनाती कर सकते हैं। वाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, हम अपने शहरों को बेहद सुरक्षित बनाएंगेज मेरा मानना है कि अगला शिकागो होगा और फिर हम न्यूयॉर्क में मदद करेंगे।

ट्रंप का यह बयान डेमोक्रेट्स की कड़ी आलोचना का कारण बना है। गवर्नर न्यूजम खासतौर पर तब से और ज्यादा मुखर हो गए हैं जब ट्रंप ने विवादास्पद कदम उठाते हुए लॉस एंजिलिस में इमिग्रेशन छापों के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों को शांत करने के लिए लगभग 5,000 सैनिक तैनात कर दिए थे।

# 15000 सैनिक तैनात, युवाओं से मिलिशिया में भर्ती का आह्वान

**वॉशिंगटन/काराकास , एजेंसी।** दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप में स्थित कैरिबियाई देश वेनेजुएला ने अपनी सीमा पर भारी संख्या में सैनिकों की तैनाती कर दी है और देशभर के युवाओं से मिलिशिया में शामिल होने का आह्वान किया है। वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने सोमवार को चेतावनी दी कि अगर कैरिबियन सागर में अमेरिकी सेना उनके देश पर हमला करती है, तो वे अपने देश को हथियारों से लैस गणराज्य के रूप में घोषणा कर देंगे। उनकी यह प्रतिक्रिया अमेरिका के उस कदम के बाद आई है, जिसके तहत डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने वेनेजुएला के करीब समंदर में अपने युद्धपोत उतार दिए हैं। वेनेजुएलाई राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने दावा किया है कि अमेरिका ने 1,200 मिसाइलों से लैस आठ अमेरिकी सैन्य युद्धपोत उनकी देश से सटी सीमा के पास उतारे हैं, जो उनके देश के लिए खतरा हैं। उन्होंने इसे एक पूरी तरह से आपराधिक कृत्य बताया है और और इसे क्षेत्र के लिए इस सदी का सबसे बड़ा खतरा करार दिया है। मादुरो ने इस सैन्य तैनाती के बारे में कहा, इस अत्यधिक सैन्य दबाव के मद्देनजर हमने अपने देश की रक्षा के लिए अधिकतम तैयारी की घोषणा की है। उन्होंने अमेरिकी तैनाती को अत्यधिक अनुचित, अनैतिक और पूरी तरह से आपराधिक और खूनी खतरा बताया है। दरअसल, अमेरिका ने ड्रग कारटेल पर काबू पाने के लिए कैरिबाई सागर में न सिर्फ युद्धपोत का



बेड़ा उतार रखा है बल्कि हजारों सैनिक भी तैनात कर रखे हैं। न्यूज वीक की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिकी अधिकारियों के वेनेजुएला की धरती पर आक्रमण करने की कोई योजना नहीं है। बावजूद इसके मादुरो की सरकार ने कोलंबिया तट और सीमा पर बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात कर दिया है और युवाओं से नागरिक मिलिशिया में शामिल होने का आह्वान किया है। दरअसल, दोनों देशों के बीच दशकों से तनावपूर्ण संबंध रहे हैं। वॉशिंगटन 2019 से ही वेनेजुएला के विपक्षी नेता जुआन गुएदो का समर्थन करता रहा है और मौजूदा राष्ट्रपति मादुरो के चुनाव को मान्यता देने से इनकार करता रहा है। अमेरिकी सरकार ने कहा कि वह ड्रग कारटेल से संभावित खतरों से निपटने के लिए वेनेजुएला के पास अपनी समुद्री उपस्थिति बढ़ा रही है लेकिन मादुरो को लगता है कि अमेरिकी सरकार उसके देश पर हमला करना चाहती है। मादुरो ने अमेरिका पर वेनेजुएला में शसन परिवर्तन का प्रयास करने का आरोप लगाया है और अब उसने कोलंबिया के साथ पश्चिमी सीमा पर 15,000 सैनिक तैनात कर दिए हैं। इस तनातनी के बीच अमेरिकी नौसेना ने गाइडेड मिसाइल क्रूजर यूएसएस लेकएरी, परमाणु ऊर्जा से चलने वाली तेज़-हमलावर पनडुब्बी यूएसएस न्यूपोर्ट न्यूज़, आर्ले बर्क श्रेणी के विध्वंसक यूएसएस ग्रेवली, यूएसएस जेसन डनहम और यूएसएस सैम्पसन, तटीय लड़ाकू जहाज यूएसएस मिनियापोलिस-सेंट पॉल, समेत हमलावर जहाज यूएसएस वोजिमा, यूएसएस सैन एंटोनियो और यूएसएस फोर्ट लॉडरडेल कैरेबियन सागर में तैनात कर दिए हैं।

## अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारी, बोले- खोखले वादे नहीं...इंसाफ़ दो



**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका के कई शहरों में श्रमिक दिवस पर लोगों ने देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों का सड़कों पर उतरकर विरोध किया और श्रमिकों को उचित वेतन दिए जाने की मांग की। शिकागो और न्यूयॉर्क में हुए प्रदर्शनों का आयोजन 'वन फेयर वेज नामक संगठन ने किया। इन प्रदर्शनों का उद्देश्य अमेरिका में श्रमिकों की परेशानियों की ओर ध्यान खींचना था, जहां न्यूनतम संघीय मेहनताना 7.25 डॉलर प्रति घंटा है। राष्ट्रपति ट्रंप के न्यूयॉर्क स्थित पूर्व आवास के बाहर ''ट्रंप को अब जाना चाहिए के नारे गूंजे। वहीं, शिकागो में एक अन्य 'ट्रंप टॉवर के बाहर प्रदर्शनकारियों ने ''नेशनल गार्ड नहीं चाहिए और ''उसे जेल में डालो के नारे लगाए।

वॉशिंगटन डी सी और सैन फ्रांसिस्को में भी बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरे। न्यूयॉर्क में लोग 'ट्रंप टॉवर के बाहर एकत्रित हुए जो वर्षों से राष्ट्रपति का निवास नहीं होने के बावजूद उनके धन-वैभव का प्रतीक और प्रदर्शनों का केंद्र बना हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लहराए जिन पर कथित ''फासीवादी शासन को खत्म करने की मांग लिखी थी। वॉशिंगटन में भी बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। उनके हाथों में ''आईसीई (इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट) का अतिक्रमण बंद करो लिखे पोस्टर और ''डीसी को मुक्त करो, नकाबपोश गुंडे नहीं चाहिए लिखा एक छाता था।

पश्चिमी तट के विभिन्न शहरों में भी सैकड़ों लोग प्रवासियों और श्रमिकों के अधिकारों के समर्थन में जुटे। शिकागो में कई समूह एकजुट होकर प्रदर्शनों में शामिल हुए। उन्होंने भाषण सुने और नारे लगाए।

## 7 सितंबर को लगेगा चंद्र ग्रहण, दिखेगा साल का सबसे बड़ा 'ब्लड मून'!

**वाशिंगटन, एजेंसी।** आने वाले रविवार 7 सितंबर 2025 सम्पूर्ण भारत सहित दुनिया के कई हिस्सों में पूर्ण चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है।यह साल 2025 का सबसे बड़ा खगोलीय दृश्य होगा जिसमें सबसे बड़ा 'ब्लड मून' दिखाई देगा। यह एक खग्रास चंद्र ग्रहण होगा, जो धार्मिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह ग्रहण सम्पूर्ण भारत के अलावा एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, यूरोप, अंटार्कटिका, पैसिफिक और इंडियन ओशन क्षेत्र के लोग भी देख पाएंगे। यह ग्रहण नासा और अंतरराष्ट्रीय खगोल संस्थानों के अनुसार भी विशेष है क्योंकि यह वर्ष 2025 का सबसे लंबा पूर्ण चंद्र ग्रहण माना जा रहा है। यह घटना खगोल प्रेमियों और शोधकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर होगी। इस तरह 7 सितंबर 2025 का चंद्र ग्रहण न केवल खगोल विज्ञान बल्कि धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से भी एक महत्वपूर्ण वैश्विक घटना बनने जा रहा है। जिन क्षेत्रों में ग्रहण दिखाई देगा, वहीं प सूतक और धार्मिक आचार-विचार मान्य होंगे। इस दौरान लोग स्नान, दान, मंत्र-जप और धार्मिक ग्रंथों के पठन-मनन का विशेष पुण्य मानते हैं। श्री हरिदास पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर गोस्वामी अनंत श्रीहरिदास जी के अनुसार, यह ग्रहण पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र और कुम्भ राशि मंडल पर होगा।

## सूडान में भूस्खलन, 1000 लोगों के मारे जाने की आशंका

**दारफुर, एजेंसी।** सूडान के पश्चिमी क्षेत्र दारफुर में भूस्खलन के कारण 1000 लोगों के मारे जाने की खबर है। इस देश पर नियंत्रण रखने वाले विद्रोही समूह-सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने सोमवार को बताया कि कई दिनों की भारी बारिश के बाद तरासिन गांव में रविवार को भूस्खलन हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये गांव मध्य दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच है। इसे हाल के कुछ वर्षों की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा माना जा रहा है। सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तरासिन गांव में रहने वाले लगभग सभी लोगों की मौत हो चुकी है। केवल एक व्यक्ति ही जीवित बचा है। अनुमान है कि लगभग एक हजार लोग मारे गए हैं। गांव पूरी तरह से तबाह हो चुका है। राहत और बचाव कार्य चलाने में मदद और मलबे के नीचे दबे शवों को बरामद



करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय सहायता समूहों से गुहार लगाई गई है। यह हादसा ऐसे समय हुआ है जब सूडान पहले से ही गंभीर संकट का सामना कर रहा है. सूडानी सेना और पैरामिलिट्री रैपिड सपोर्ट फोर्सके बीच पिछले दो साल से जारी गृहयुद्ध ने देश की स्थिति और बिगाड़ दी है. गृहयुद्ध ने सूडान की आबादी पर गहरा असर डाला है. आधे से ज्यादा लोग भुखमरी के संकट का सामना कर रहे हैं और लाखों लोग अपने घर छोड़कर पलायन कर चुके हैं. उत्तर दारफुर की राजधानी अल-फाशिर भी लगातार हमलों की चपेट में है. एसएलएम/ए ने कहा कि भूस्खलन की यह त्रासदी देश की मौजूदा मानवीय स्थिति को और भयावह बना रही है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए.

# अपनी खास रेलगाड़ी से चीन पहुंचे उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन

### इस चलते-फिरते महल पर बमों का भी नहीं होता असर

**बीजिंग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन चीन पहुंच गए हैं। किम जोंग उन बुधवार को चीन की सैन्य परेड में बतौर अतिथि शिरकत करेंगे। किम जोंग उन अपनी खास ट्रेन से चीन पहुंचे और एक बार फिर उनकी ये ट्रेन चर्चा में आ गई है। उत्तर कोरियाई नेता की हरे रंग और पीली पट्टी वाली ये ट्रेन लोगों के आकर्षण का केंद्र रही है और जब भी उत्तर कोरियाई नेता विदेश दौरों पर जाते हैं तो इसी ट्रेन का इस्तेमाल करते हैं। यह ट्रेन बेहद खास है और ऐसा दावा किया जाता है कि यह ट्रेन बुलेटप्रूफ है और इस पर बम-मिसाइल का भी असर नहीं होता है।

**विदेश दौरों पर इसी ट्रेन से जाते हैं किम जोंग उन**

किम जोंग उन जिस रेलगाड़ी से चीन पहुंचे हैं, वह बेहद खास है और पीढ़ियों से उत्तर कोरियाई शासक देश-विदेश के दौरों के लिए इस ट्रेन का इस्तेमाल करते आए



हैं। किम जोंग उन ने विदेश दौरों के लिए एक-दो बार हवाई जहाज का इस्तेमाल किया है, लेकिन किम जोंग उन के पिता और पूर्व उत्तर कोरियाई शासक किम जोंग इल हमेशा इस खास रेलगाड़ी से ही सफर करते थे।

विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उत्तर कोरियाई शासक की यह खास ट्रेन लग्जरी और अपने सुरक्षा उपायों के लिए जानी जाती है। ऐसे में इसे चलता-फिरता राजमहल कहा जाए तो गलत नहीं होगा। इस ट्रेन को बुलेटप्रूफ और मिसाइल प्रूफ बताया जाता है। यह ट्रेन करीब 60 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ सकती है। इस ट्रेन में कॉन्फ्रेंस रूम, ऑडियंस चैंबर, आराम के कमरे बने हैं। इस ट्रेन में सैटेलाइट फोन की सुविधा भी है। किम जोंग इल के समय में इस ट्रेन के देशभर में संचालन के लिए 20 स्टेशन बनाए गए थे। उत्तर कोरियाई नेताओं का परिवार भी अपने दौरों के लिए इस खास ट्रेन का ही इस्तेमाल करता है।

उत्तर कोरिया की तरह ही इस ट्रेन की खासियतों के बारे में भी दुनिया को बहुत ज्यादा जानकारी नहीं है और जब किम जोंग उन विदेश दौरों पर जाते हैं, तभी इस ट्रेन की तस्वीरें दुनिया के सामने आती हैं। साल 2023 में जब किम जोंग उन ने रूस का दौरा किया था, उस वक्त भी वे इसी ट्रेन से रूस पहुंचे थे। उस वक्त जो तस्वीरें सामने आई थी, उनमें ट्रेन के भीतर का शानदार इंटीरियर, फर्नीचर आदि की झलक देखने को मिली थी। साथ ही खाने-पीने के लिए किचन, रेस्तरां और अन्य सभी सुख सुविधाओं से लैस इस ट्रेन में किम का कार्यालय भी है, जहां से वे सफर के दौरान भी अपने सभी जरूरी काम कर सकते हैं। चीनी मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस ट्रेन में 10-15 डिब्बे होते हैं, जिनमें से कुछ सिर्फ उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के द्वारा इस्तेमाल किए जाते हैं। इस ट्रेन में किम जोंग उन की दो बख्तरबंद मर्सिडीज गाड़ियां भी होती हैं।

# भोलेनाथ के समक्ष विराजे गौतम नगर के चा राजा



**भोपाल।** गौतम नगर बाल उत्सव समिति गोविंदपुरा के संरक्षक रिंकू भटेजा ने बताया कि गौतम नगर के चा राजा भोलेनाथ के शिवलिंग के समक्ष विराजे हैं यह समिति का सफलतम छठवां वर्ष है । पर्यावरण की रक्षा हेतु इस वर्ष भी पिछले वर्षों की भांति मिट्टी से निर्मित गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। जिनको भक्तों द्वारा सराहा गया है।

# उत्साह और धूमधाम के साथ हुई महाराजा अग्रसेन की 48वीं महा आरती

नगर प्रतिनिधि | भोपाल



अग्रवाल समाज दमोह के द्वारा प्रत्येक माह के पहले हफ्ते में महाराजा अग्रसेन की महाआरती का आयोजन किया जाता है जिसके क्रम में फुटेरा वार्ड दो स्थित अग्रसेन महाराजा अग्रसेन मंदिर में 48 वी महा आरती का आयोजन किया गया पंडित बृजेश पाठक के सानिध्य में सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश माता लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन का पूजन अर्चन किया गया जिसके बाद महा आरती का आयोजन किया गया जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया महा आरती में मुख्य रूप से महासभा की प्रदेश उपाध्यक्ष रमा अग्रवाल अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल ट्रस्ट अध्यक्ष जीवनलाल अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष रविशंकर अग्रवाल जन जागरण समाज कल्याण समिति स्वप्नेश अग्रवाल डॉ अशोक अग्रवाल अधिवक्ता विनोद अग्रवाल प्रभुणारायण विजय अनिल लखनलाल मदनमोहन केदारनाथ नंदकिशोर तरुण वैभव वीरेंद्र सक्षम बीरेंद्र आकाश अंकित बबीता रिद्धि रोशनी निशा प्रीति अर्चना संजना अनीता प्रमिला नीलम गायत्री कुसुम परी समृद्धि गौरी विराज हर्ष आदित्य हर्षिता विशेष सहित बड़ी संख्या में अग्र बंधुओ की उपस्थिति रही।

# रोटरी क्लब भोपाल हिल्स का ऑर्बिट 2025 कॉन्क्लेव संपन्न

**भोपाल (नप्र)।** रोटरी क्लब भोपाल हिल्स द्वारा दिनांक 30 अगस्त 2025 को BSSS इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज़, भोपाल में ऑर्बिट 2025 - ए बिज़नेस कॉन्क्लेव का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अध्यक्ष रोटेरियन हर्ष मित्तल की अध्यक्षता में तथा डीजीई रोटेरियन संस्कार कोठारी एवं सह-अध्यक्ष रोटेरियन तन्मय शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ।



यह एक दिवसीय व्यावसायिक सम्मेलन आर्थिक और सामुदायिक विकास को समर्पित था, जिसमें उद्यमियों, उद्योगपतियों, स्टार्टअप प्रतिनिधियों, रोटेरियनों और छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में व्यापार के महत्वपूर्ण पहलुओं - लोग, प्रक्रिया और लाभ, पर आधारित ज्ञानवर्धक सत्रों का आयोजन किया गया। इन सत्रों में प्रतिभागियों को अपने व्यवसाय को स्थायित्व और विस्तार की दिशा में ले जाने हेतु व्यावहारिक सुझाव व मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

मुख्य वक्ताओं में प्रमुख रूप से श्री आनंद प्रकाश चौकसे (चेयरमैन, ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल), डॉ. संजीव खन्ना (मुख्य परिचालन अधिकारी, पतंजलि फूड्स), और डॉ. राकेश कैन शामिल रहे, जिन्होंने अपने अनुभवों के माध्यम से युवा व्यवसायियों को प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त श्री प्रतीक शर्मा, श्री राहुल श्रीवास्तव, तथा डॉ. राजीव अग्रवाल द्वारा संचालन, विपणन, वित्त, प्रौद्योगिकी एवं मानव संसाधन जैसे क्षेत्रों में विशेष मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए गए, जिससे प्रतिभागियों को वास्तविक व्यावसायिक समस्याओं का समाधान समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रही 'ऑर्बिटेड टॉक्स', जहाँ प्रेरक वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए, साथ ही खुले मंचों और नेटवर्किंग सेशनों के माध्यम से उपस्थितजनों को एक-दूसरे से जुड़ने और संभावित सहयोग के नए द्वार खोलने का अवसर प्राप्त हुआ।

यह सम्मेलन ज्ञान, प्रेरणा और नवाचार से परिपूर्ण एक ऐसा मंच सिद्ध हुआ जिसने न केवल युवा उद्यमियों के दृष्टिकोण को विस्तृत किया।

## आयोजन की सफलता पर आभार



विद्युत हित्रकच्चक संघ जिला भोपाल और प्रदेश की मासिक बैठक बिजली नगर प्राइवेट कालोनी बालाजी धाम में संपन्न हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुप्ता, महासचिव सुनील गार्गव और प्रदेश पदाधिकारी गण, जिला अध्यक्ष मानकर, महासचिव के के मीणा तथा जिला पदाधिकारी सदस्य गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष दिनेश सक्सेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सोनी द्वारा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 110 की संख्या में इंदौर के सफल कार्यक्रम की अपार सफलता और संघ के विस्तार हेतु सार्थक चर्चा हुई। दिनेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि अशोक गुप्ता तथा 75 वर्ष से अधिक वाले साथियों का सम्मान किया गया।



आज गणेशोत्सव के अवसर पर महापौर मालती राय ने शाहपुरा श्री गणेश विसर्जन घाट का निरीक्षण किया व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर आयुक्त हरेंद्र नारायण जी, एम आई सी सदस्य आर के सिंह बघेल, जोन अध्यक्ष बाबूलाल यादव, जोन अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता रघुवंशी, पार्षद अरविंद वर्मा, अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान एवं नगर निगम अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## विमुक्त घुमंतू दिवस पर उत्साह और गरिमा के साथ हुआ आयोजन

**भोपाल (नप्र)।** भोपाल के गांधीनगर स्थित बालक छात्रावास में विमुक्त घुमंतू दिवस उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। यह आयोजन सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम होने के साथ-साथ विमुक्त एवं घुमंतू समाज की पहचान, संघर्ष और उनके उत्थान की दिशा में समाज तथा शासन की भूमिका पर गंभीर विमर्श का अवसर साबित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे के समक्ष पुष्प अर्पण से हुआ। इस अवसर पर प्रमुख अतिथियों में श्री विजय तिवारी, श्री हेमराज नायक, श्री भारत सिंह सोलंकी, श्री बाबूलाल बंजारा, श्री रमेश सरदार, श्री विनोद शर्मा, श्री संजय, मुस्कान संस्था से श्री अजय कुमार और संवेदना समिति से आमंत्रित सदस्य उपस्थित रहे। सहायक संचालक कार्यालय के श्री संजय श्रीवास्तव और योगेश सक्सेना ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए विमुक्त एवं घुमंतू समाज के सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला और बताया कि यह समाज भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। सहायक संचालक श्री योगेंद्रराज ने विद्यार्थियों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और शिक्षा को समाज के उत्थान की सबसे बड़ी कुंजी बताया।

# मजाक उड़ाने पर दोस्त ने नाबालिग को चाकू मारा, पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा

**भोपाल (नप्र)।** टीटीनगर के सुनहरी बाग इलाके में रविवार रात मामूली मजाक ने खूनखराबे का रूप ले लिया। यहां एक 17 वर्षीय नाबालिग को उसके दोस्त ने सिर्फ ÷खिड़की÷ बोलकर चिढ़ाने पर चाकू घोंप दिया। घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने करीब तीन घंटे बाद कोलार क्षेत्र में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित अंश उर्फ संस्कार शुक्ला (17), जो आइटीआइ का छात्र है, रविवार रात करीब सवा नौ बजे अपने दोस्त गोलू उर्फ आशीष के साथ सुनहरी बाग क्षेत्र स्थित कौरव भवन के पास खड़ा था। इसी दौरान अंश ने मजाक में गोलू से कहा, खिड़की...क्या हाल हैं। इस पर गोलू भड़क गया और पास में रखा चाकू सीधे अंश के पेट में घोंप दिया।

घटना के बाद अंश के परिजन और आसपास के लोग उसे तत्काल जेपी अस्पताल ले गए। वहां से डॉक्टरों ने उसे गंभीर हालत में हमीदिया अस्पताल रेफर किया। करीब दस घंटे बाद उसकी सर्जरी हुई और डॉक्टरों ने उसके पेट से चाकू बाहर निकाला। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सूचना मिलने पर रात करीब 12 बजे टीटीनगर पुलिस ने अंश के बयान दर्ज कर आरोपित के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया। देर रात पुलिस ने कोलार इलाके में घेराबंदी कर 19 वर्षीय गोलू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में गोलू ने बताया कि मजाक में खिड़की कहकर चिढ़ाने से वह गुस्से में आ गया, क्योंकि उसके बीच के दांत टूट चुके हैं। इसी बात से नाराज होकर उसने हमला कर दिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, गोलू पर पहले भी एक केस टीटीनगर थाने में दर्ज है।

# करोंद मंडी में अवैध कट्टे से हवाई फायरिंग

## नीलामी के दौरान माइक लगाने पर हुआ था विवाद

**भोपाल (नप्र)।** करोंद कृषि उपज मंडी स्थित सब्जी मंडी में रविवार दोपहर चली अवैध कट्टे से गोली। नीलामी के दौरान दुकानदारों में माइक लगा नीलामी को लेकर हुआ था विवाद। थाना निशातपुरा में पदस्थ मामले की जांच कर रहे । एस आई एमडी अहिरवार से मिली जानकारी के अनुसार मामले की शिकायत अमन कुरैशी निवासी मुरली नगर हाउसिंग बोर्ड करोंद भोपाल द्वारा की गई है। जो करोंद सब्जी मंडी फल का व्यापार करता है। उसके द्वारा बताया गया कि घटना रविवार के दिन दोपहर की हैं। उसकी दुकान हारएस फ़ूड से सभी दुकानदारों की तरह माइक लगा फलों की नीलामी की जा रही थी। इसी दौरान उसकी बगल के दुकानदार आरोपी शहज़ाद के लड़के आसिफ निवासी चौकसे नगर डीआईजी थाना गौतम नगर द्वारा अमन कुरेशी की दुकान में नीलामी कर रहे कर्मचारी को गालियां दे माइक बंद करने कहा गया। इस पर फरयादी अमन कुरैशी द्वारा आरोपी से कहा गया कि आप मेरे कर्मचारी को गाली नही दे सकते। इस पर विवाद हो गया और शहज़ाद फल विक्रेता दुकान के आरोपी आसिफ, शहज़ाद, इरशाद व सलीम ने हार एस फ़ूड में घुसकर मारपीट की और दहशत फैला अवेध कट्टे से फायरिंग कर दी।





सब्जी मंडी में अवैध कट्टे से फायरिंग के बाद दहशत का माहौल फैल गया था। फायरिंग के बाद फरयादी व्यापारी ने मामले की शिकायत देर रात थाने में पहुँच की। पुलिस ने व्यापारी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ गाली देकर मारपीट, जान से मारने की धमकी देने सहित अवैध कट्टे से हवाई फायरिंग करने का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। बताया जा रहा है कि सोमवार को पुलिस ने आरोपियो को घटना स्थल उनकी दुकान से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपियों से अवैध कट्टा भी जप्त किया गया है। बताया जा रहा है चारों आरोपी थाना गौतम नगर डीआईजी चौकसे नगर भोपाल निवासी है।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

## तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को

**भोपाल (नप्र)।** नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में 13 सितंबर 2025 को वर्ष 2025 की तृतीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।



नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन एवं लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहनों को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव ने जिला न्यायालय भोपाल से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहनों द्वारा नेशनल लोक अदालत की जिंगल्स एवं फ्लेक्स बैनर के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार भोपाल के विभिन्न शहरी व सुदूरवर्ती ग्रामों में किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश तथा जिला न्यायाधीश संजय कुमार शाही, जिला न्यायाधीश श्री संतोष कौल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अग्नीन्ध कुमार द्विवेदी, सचिव जिविसेप्रा श्री सुनीत अग्रवाल, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री बी.एम. सिंह, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री दीपक खरे, महासचिव श्री मनोज श्रीवास्तव तथा संघ के अन्य पदाधिकारीगण एवं विद्युत विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**लोक अदालत के लाभ:** पक्षकारों के मध्य आपसी सद्भाव बढ़ता है, कटुता समाप्त होती है, समय, धन व श्रम की बचत होती है। कोई भी पक्षकार हारता नहीं है दोनों पक्षकारों की जीत होती है। लोक अदालत में प्रकरण का निराकरण होने से न्याय शुल्क वापस होता है। लोक अदालत का आदेश/निर्णय अंतिम होता है, लोक अदालत के आदेश के विरूद्ध अपील नहीं होती।

लोक अदालत में निराकरण होने से पक्षकारों के मध्य विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो जाता है।

# बच्चों में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करें : उदय प्रताप सिंह



**भोपाल (नप्र)।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि देश में राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिये बच्चों में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत किया जाना जरूरी है। हमारी विविधता भरी सांस्कृतिक विरासत पूरी दुनिया में भारत को अलग पहचान दिलाती है। मंत्री श्री सिंह सोमवार को भोपाल में सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोविंदपुरा, भेल की वार्षिक पत्रिका वीथिका का विमोचन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में संचालित हो रहे सांदीपनि विद्यालयों में बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा को तराशने का कार्य बेहतर तरीके से किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग ने इन विद्यालयों में सभी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। सांदीपनि विद्यालय में बच्चों की सुविधा के लिये निःशुल्क बस सेवा भी उपलब्ध करायी जा रही है। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती पूनम अवस्थी ने बताया कि वार्षिक पत्रिका वीथिका में संविधान के 75वें वर्ष के मौके पर संविधान से जुड़ी सभी आवश्यक जानकारियों का समावेश किया गया है। उन्होंने बताया कि भेल सांदीपनि विद्यालय का स्वयं का भवन लगभग 34 करोड़ रुपये की लागत से जल्द बनकर तैयार हो जायेगा। विद्यालय में के.जी. से 12वीं तक करीब 1080 बच्चे अध्ययनरत हैं। इन बच्चों को हिन्दी और इंगलिश मीडियम में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। विद्यालय में पिछले वर्ष विभिन्न राज्यों की संस्कृति के आदान-प्रदान के लिये नागालैण्ड राज्य के बच्चों ने दौरा किया था। भेल विद्यालय के बच्चों ने मंत्री श्री सिंह को ट्रायबल पेंटिंग भी भेंट की।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**भोपाल (नप्र)।** नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में 13 सितंबर 2025 को वर्ष 2025 की तृतीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन एवं लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहनों को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव ने जिला न्यायालय भोपाल से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहनों द्वारा नेशनल लोक अदालत की जिंगल्स एवं फ्लेक्स बैनर के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार भोपाल के विभिन्न शहरी व सुदूरवर्ती ग्रामों में किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश तथा जिला न्यायाधीश संजय कुमार शाही, जिला न्यायाधीश श्री संतोष कौल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अग्नीन्ध कुमार द्विवेदी, सचिव जिविसेप्रा श्री सुनीत अग्रवाल, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री बी.एम. सिंह, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री दीपक खरे, महासचिव श्री मनोज श्रीवास्तव तथा संघ के अन्य पदाधिकारीगण एवं विद्युत विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**लोक अदालत के लाभ:** पक्षकारों के मध्य आपसी सद्भाव बढ़ता है, कटुता समाप्त होती है, समय, धन व श्रम की बचत होती है। कोई भी पक्षकार हारता नहीं है दोनों पक्षकारों की जीत होती है। लोक अदालत में प्रकरण का निराकरण होने से न्याय शुल्क वापस होता है। लोक अदालत का आदेश/निर्णय अंतिम होता है, लोक अदालत के आदेश के विरूद्ध अपील नहीं होती।

लोक अदालत में निराकरण होने से पक्षकारों के मध्य विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो जाता है।



# जॉन अब्राहम ने संभाली 'फोर्स 3' की बागडोर



बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम ने फिल्म फोर्स से अपने करियर को उड़ान दी थी। 2011 में आई ये फिल्म निशिकांत कामत के निर्देशन में बनी थी। इस फिल्म में जॉन ने एसीपी यशवर्धन सिंह का दमदार किरदार निभाया था, जो दर्शकों को बेहद पसंद आया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धीरे-धीरे अपनी जगह बनाई और एक 'स्लीपर हिट' साबित हुई।

सात साल बाद यानी 2018 में जॉन अब्राहम ने निर्माता विपुल शाह से %फोर्स%फ्रैंचाइज़ी के अधिकार खरीद लिए थे, और तभी से एक्टर इस फ्रैंचाइज़ी को नए सिरे से शुरू करने का सपना देख रहे थे। अब खबर सामने आई है कि जॉन फिल्म के तीसरे पार्ट के साथ दमदार वापसी करने वाले हैं।फोर्स 3 पर काम कर रहे हैं जॉन अब्राहम अब खबर सामने आई है कि जॉन अब्राहम, %फोर्स 3% की तैयारी पूरी कर चुके हैं और जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू होने वाली है। पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, इस बार फिल्म का निर्देशन भूषण कुमार और सीरीज़ खाकी- द बिहार चैप्टर के डायरेक्टर भाव धूलिया करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, जॉन का मानना है कि एसीपी यशवर्धन सिंह का किरदार आज भी दर्शकों के बीच उतना ही पॉपुलर है और इसलिए वह इसे और बड़े पैमाने पर पेश करना चाहते हैं।

### फिल्म की कहानी में लगेगा देसी तड़का

फिल्म की कहानी में एक्शन और देसी ड्रामा का खास ध्यान रखा गया है। सूत्रों का कहना है कि भाव धूलिया ने स्क्रिप्ट में अपना अलग अंदाज जोड़ा है और वे इस प्रोजेक्ट को लेकर बेहद उत्साहित हैं। फोर्स 3 की शूटिंग 2025 के आखिर में शुरू होने की उम्मीद है। दिलचस्प बात यह है कि इस बार मेकर्स एक दमदार विलेन की तलाश में हैं, ताकि फिल्म में जॉन और खलनायक के बीच जबरदस्त भिड़त दिखाई जा सके। ठीक वैसे ही जैसे फोर्स में जॉन और विद्युत जामवाल का हाई-ऑक्टेन एक्शन देखने को मिला था। स्पष्ट है कि फोर्स 3 न सिर्फ जॉन अब्राहम के लिए बल्कि दर्शकों के लिए भी एक बड़े पैमाने का एक्शन तमाशा बनने जा रही है।



## एण्डटीवी के चहेते दरोगा हप्पू सिंह ऊर्फ योगेश त्रिपाठी का सफर है प्रेरणादायक

मुंबई को सपनों का शहर कहा जाता है, यहां हजारों लोग रोज अपने ख्वाबों को हकीकत में बदलने आते हैं। लेकिन कुछ ही लोग अपनी मेहनत और जज्बे से उन सपनों को सच कर पाते हैं। उन्हीं में से एक हैं योगेश त्रिपाठी, जो एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में दरोगा हप्पू सिंह के किरदार से घर-घर में मशहूर हैं। योगेश की कहानी हिम्मत और संघर्ष की मिसाल है। मुंबई की गलियों में पेन बेचने और छोटे-मोटे काम करने से लेकर टीवी के सबसे प्यारे कलाकारों में गिने जाने तक का उनका सफ़र साबित करता है कि अगर मेहनत और धैर्य हो, तो मुश्किल से मुश्किल रास्ता भी कामयाबी तक पहुंचा देता है।अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुये योगेश बताते हैं, जब मैं 2004 में पहली बार मुंबई आया, तब मेरे पास सिर्फ़ सपने थे और यह विश्वास कि मुझे अपने दम पर कुछ करना है। मेरा पहला काम सिर्फ़ 95 रुपये का था और थियेटर में एक शो के 75 रुपये मिलते थे। गुज़ारे के लिए मैंने 150 रुपये में पेन बेचे, छोटे-छोटे बैकग्राउंड रोल किए जिनके 1,500 रुपये मिलते थे, और लगातार अवसर तलाशता रहा। तीन साल तक किसी तरह गुज़ारा किया, लेकिन हार नहीं मानी। 2007 में मुझे पहला विज्ञापन मिला, जिसने राह आसान कर दी। इसके बाद टीवी में छोटे रोल मिले और फिर 2015 में मेरी ज़िंदगी का सबसे बड़ा मोड़ आया। 'भाबीजी घर पर हैं' में मुझे मिला हप्पू सिंह का किरदार। धीरे-धीरे यह किरदार इतना लोकप्रिय हुआ कि 2019 में चैनल ने इस पर अलग शो भी शुरू कर दिया। आज मैंने मुंबई में चार घर खरीदे हैं, वो भी बिना किसी लोन के। यह मेरे लिए सिर्फ़ सफलता नहीं, बल्कि सपना पूरा होने जैसा है। जब मैं पहली बार मुंबई आया था, तो मैंने चार रातें सीएसटी स्टेशन पर बिताई थीं। तभी मैंने ठान लिया था कि एक दिन मैं इसी शहर में 4 घर खरीदकर दिखाऊंगा। आज वो सपना पूरा हो चुका है।

# वॉर 2-कुली पिट गई, लेकिन वश लेवल 2 ने 7 दिन में वसूल लिया अपना 100 फीसदी





जानकी बोदीवाला की लेटेस्ट रिलीज वश लेवल 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अपना पहला हफ्ता पूरा कर लिया है. इस फिल्म को दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है इसी के साथ ये फिल्म रिलीज के 6 दिन में ही अपना बजट वसूल कर चुकी है. चलिए यहां जानते हैं वश लेवल 2 ने 7वें दिन यानी मंगलवार को कितना कलेक्शन किया है?

वश लेवल 2 ने 7वें दिन कितनी की कमाई?

27 अगस्त को रिलीज़ हुई गुजराती सुपरनैचुरल साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म वश लेवल को पॉजिटिव वर्ड ऑफ माउथ की वजह से बजट काफी फायदा पहुंचा है. इसके चलते फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली है. ये फिल्म हिंदी भाषा में भी अछा कारोबार कर रही है. दिलचस्प बात ये है कि जहां वॉर 2, कुली और परम सुंदरी जैसी बड़ी फिल्मों के आगे भी वश लेवल 2 दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब हो रही है. वहीं सोमावर को इसके कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई थी लेकिन मंगलवार को इसकी कमाई में तेजी देखी गई.

फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो वश लेवल 2 ने पहले दिन 1.3 करोड़ से खाता खोला था. दूसरे दिन इसने 90 लाख, तीसरे दिन 90 लाख, चौथे दिन 1.7 करोड़, पांचवें दिन 2.2 करोड़ और छठे दिन 59 लाख की कमाई की थी.वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक वश लेवल 2 ने रिलीज के 7वें दिन यानी मंगलवार को 1 करोड़ का कलेक्शन किया है.इसी के साथ इस फिल्म की 7 दिनों की कुल कमाई अब 8.59 करोड़ रुपये हो गई है.वश लेवल 2 बिना किसी बड़ी स्टार कास्ट के बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है. इस फिल्म ने रिलीज के एक हफ्ते में ही अपनी 100 फीसदी लागत वसूल कर ली है।



# बागी 4 को एडवांस बुकिंग में मिल रहा अच्छा रिस्पॉन्स

## इस फिल्म से मिस यूनिवर्स 2021 हरनाज़ संधू बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं.



टाइगर श्रॉफ एक और एक्शन फिल्म के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर कमबैक कर रहे हैं. इस बार वह अपनी हिट फ्रैंचाइज़ी 'बागी' की चौथी इंस्टॉलमेंट के साथ सिनेमाघरों में धमाल मचाने की तैयारी कर रहे हैं. इस फिल्म से मिस यूनिवर्स 2021 हरनाज़ संधू बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं. वहीं 'बागी 4' में सोनम बाजवा और संजय दत्त भी अहम रोल प्ले करते नजर आएंगें.इन सबके बीच फिल्म की एडवांस बुकिंग दुनिया भर में इसकी रिलीज़ से तीन दिन पहले यानी 2 सितंबर को शुरू हो गई थी, चलिए यहां जानते हैं 'बागी 4' को प्री टिकट सेल में कैसा रिस्पॉन्स मिल रहा है साथ ही ये भी जानेंगे कि ये कितने करोड़ से ओपनिंग कर सकती है?

'बागी 4' कितने करोड़ से कर सकती है ओपनिंग?कन्नड़ फिल्म निर्माता ए. हर्ष द्वारा निर्देशित 'बागी 4' इस फ्रैंचाइजी की पहली ऐसी फिल्म है जिसे सेंसर बोर्ड (ष्टक्चस्नष्ट) ने अपने ज़बरदस्त एक्शन सीन्स की वजह से ए रेटिंग दी है, जिसकी एक झलक ट्रेलर में भी दिखाई गई है.

वहीं इसकी प्री-सेल शुरू हो गई है और सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक इस फिल्म ने 3 सितंबर को सुबह 8 बजे तक देश भर में हिंदी 2डी फॉर्मेट में 51 हजार 747 टिकटों की सेल की है. इसी के साथ ये अब तक एडवांस बुकिंग में बिना ब्लॉक सीटों के 1.13 करोड़ का कलेक्शन कर चुकी है.वहीं ब्लॉक सीटों के साथ इसने प्री टिकट सेल में 2.63 करोड़ की कमाई कर ली है.

एडवांस बुकिंग में तेजी आने की उम्मीद

अब फिल्म को रिलीज होने में दो दिन हैं. उम्मीद है कि 'बागी 4' की प्री टिकट सेल में और उछाल आएगा और रिलीज से पहले ही ये अच्छा खासा कलेक्शन भी कर लेगी. वैसे मौजूदा ट्रेंड को देखते हुए, टाइगर श्रॉफ स्टारर इस फिल्म की टॉप मल्टीप्लेक्स चेन में एडवांस बुकिंग 80,000 से 90,000 के बीच रहने की उम्मीद है. ये देखना दिलचस्प होगा कि क्या यह प्री-बुकिंग में 1 लाख का आंकड़ा छू पाती है या नहीं. हालांकि बागी 4, टाइगर श्रॉफ की पिछली कुछ रिलीज़ फिल्मों से बेहतर ट्रेंड देख रही है. लेकिन यह बागी फ्रैंचाइज़ी की पिछली फिल्मों से काफी पीछे है.

फिल्म भारत में 8.50 करोड़ रुपये से 9.50 करोड़ रुपये की ओपनिंग ले सकती है, जो इस बात पर डिपेंड करता है कि रिलीज़ के दिन स्पॉट बुकिंग और वॉक-इन कैसा परफॉर्म करते हैं. टाइगर श्रॉफ स्टारर इस फिल्म के लिए यह एक अच्छी शुरुआत होगी क्योंकि उनकी पिछली कुछ फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म नहीं पाई हैं. वैसे बागी 4 का बॉक्स ऑफिस पर द कॉन्ज्यूरिंग और द बंगाल फाइल्स के साथ क्लैश होगा.

बागी 4 सिनेमाघरों में 5 सितंबर को रिलीज़ होने के लिए पूरी तरह तैयार है. एडवांस बुकिंग अभी शुरू हो गई है. आप ऑनलाइन टिकट बुकिंग वेबसाइट से या काउंटर से भी टिकट बुक कर सकते हैं।

# गणपति पूजा पर सेलिब्रिटी रील से फैन्स हुए नाराज़



**निया शर्मा-अंकिता लोखंडे का रील विवाद, सोशल मीडिया पर मिला ट्रोलिंग का सामना**

गणेशोत्सव भारत के सबसे धूमधाम से मनाए जाने वाले त्योहारों में से एक है। इस समय भक्तिभाव, संगीत और परिवार के साथ उत्सव की खुशियाँ देखने को मिलती हैं। लेकिन हाल ही में टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा, अंकिता लोखंडे, नेहा स्वामी और कई अन्य टीवी सितारों का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसने सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा कर दिया। वीडियो में उन्हें गणपति बप्पा मोरया का जाप करते और ताली बजाते देखा गया, लेकिन उनकी पीठ गणपति की प्रतिमा की तरफ थी, जो कई नेटिज़न्स को पसंद नहीं आया।

### वायरल वीडियो ने बढ़ाया विवाद

वीडियो में निया शर्मा और अंकिता लोखंडे गणपति बप्पा की आराधना करते हुए दिखाई दे रही हैं, लेकिन उनकी पीठ भगवान की प्रतिमा की तरफ है। उनके साथ कई टीवी सितारे और सेलिब्रिटीज़ भी मौजूद हैं, सभी गणपति बप्पा मोरया बोलते नजर आ रहे हैं। रंग-बिरंगे सजावट, फूलों की माला और रोशनी नज़र आ रही है।वीडियो में अंकिता लोखंडे, निया शर्मा के अलावा नई दुल्हन लॉरेन गॉटलीब और कई अन्य सेलिब्रिटीज़ को खुश होकर गणपति उत्सव मनाते देखा जा सकता है, लेकिन उनकी पीठ भगवान गणेश की ओर होने की वजह से सोशल मीडिया पर आलोचना शुरू हो गई। एक यूज़र ने कमेंट कियास रील बनाने का कोई मौका मत छोड़ो! शायद इसी वायरल वीडियो का यही संदेश है। पूजा के दौरान भगवान की तरफ पीठ नहीं करनी चाहिए। मौके का पूरा फायदा उठाना ज़रूरी है, बस यही दिख रहा है!!

नेटिज़न्स ने X और इंस्टाग्राम पर अपनी नाराज़गी जताई। एक यूज़र ने लिखा- 90त्न लोग सिर्फ मौज लेने, दिखावे के लिए त्योहार मनाते हैं!! मेरा ऐसे लोगों से निवेदन है कि पाप मत पालो! सात्विक बने!! सदाचारी बने! निर्लज्जता फैलाना बंद करें!!एक अन्य ने लिखा, ये भगवान की पूजा नहीं उनका मज़ाक बना रहे हैं।

# पाकिस्तान के पावर-हिटर आसिफ अली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया



**नई दिल्ली एजेंसी।** पाकिस्तानी बल्लेबाज आसिफ अली ने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह घरेलू क्रिकेट खेलते रहेंगे। पाकिस्तान के मध्यक्रम बल्लेबाज आसिफ अली ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करता हूं। पाकिस्तान की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। क्रिकेट के मैदान पर अपने मुल्क की सेवा करना मेरे लिए सबसे गर्व की बात है। आसिफ अली ने समर्थकों का आभार जताते हुए कहा, अपने फैंस, साथियों और कोच का शुक्रिया, जिन्होंने हर उतार-चढ़ाव में मुझे प्यार, भरोसा और समर्थन दिया। अपने परिवार और दोस्तों का भी धन्यवाद, जो मेरे साथ खुशियों में और मुश्किल घड़ियों में खड़े रहे, खासकर विश्व कप के दौरान मेरी प्यारी बेटी के निधन जैसी त्रासदी में, उनकी मजबूती ने मुझे आगे बढ़ने की ताकत दी। उन्होंने लिखा, मैं अपार कृतज्ञता के साथ संन्यास लेता हूं। मैं आगे भी घरेलू और दुनियाभर की लीग क्रिकेट खेलकर अपने खेल के प्रति जुनून को साझा करता रहूंगा। आसिफ अली ने अप्रैल 2018 में अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने पाकिस्तान की ओर से 21 वनडे मुकाबलों में 25.46 की औसत के साथ 382 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से तीन अर्धशतक देखने को मिले। वहीं, 58 टी20 मुकाबलों में दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 15.18 की औसत के साथ 577 रन अपने खाते में जुटाए। उनका इस्तेमाल मुख्य रूप से एक फिनिशर और पावर-हिटर के रूप में किया गया। आसिफ अली ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2021 में अफगानिस्तान के खिलाफ यादगार पारी खेली थी। पाकिस्तान को जीत के लिए 12 गेंदों में 24 रनों की दरकार थी। ऐसे में आसिफ ने करीम जनत के ओवर में चार छक्के जड़ते हुए 7 गेंदों पर 25 रन बनाकर एक ओवर शेष रहते टीम को जीत दिलाई। एशिया कप-2022 में भारत के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने 8 गेंदों में 16 रनों की पारी खेलते हुए पाकिस्तान को अंतिम ओवर में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

# मिचेल स्टार्क ने टी20 विश्वकप से पहले उठाया बड़ा कदम



## टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**ब्रिसबेन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। न्यूजीलैंड के खिलाफ एक अक्टूबर से शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला के लिए मंगलवार को घोषित आस्ट्रेलियाई टी20 टीम में स्टार्क और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस के नाम नहीं हैं। 33 वर्ष के स्टार्क ने 65 टी20 मैचों में 79 विकेट लिए हैं। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट उनकी प्राथमिकता है और अगले दो साल के व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए उन्हें तैयार रहना है। कमिंस को पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद से आराम दिया गया है। उनकी कमर में भी दर्द है इसलिए नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला की तैयारी के मद्देनजर उन्हें आराम दिया है। स्टार्क एशेज, भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला और 2027 वनडे विश्व कप के लिये पूरी तरह फिट रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मैने ऑस्ट्रेलिया के लिए हर टी20 मैच के हर मिनट का मजा लिया है। खासकर 2021 विश्व कप क्योंकि जीत के साथ हमने पूरे सफर का आनंद लिया। स्टार्क ने कहा, 'टी20 से संन्यास लेने का कारण तरोताजा और फिट बने रहना है। इससे गेंदबाजी समूह को टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए भी समय मिल जाएगा। आस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा, 'मिचेल को अपने टी20 करियर पर गर्व होना चाहिए। वह विश्व कप 2021 विजेता टीम का प्रमुख सदस्य था। अच्छी बात यह है कि वह टेस्ट और वनडे क्रिकेट खेलता रहेगा।



# क्रेग मैकमिलन बने न्यूजीलैंड महिला टीम के फुल टाइम असिस्टेंट कोच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रेग मैकमिलन को न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम का फुल टाइम असिस्टेंट कोच नियुक्त किया गया है। वह न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी और बल्लेबाजी कोच, बेन सॉयर और डीन ब्राउनली के साथ व्हाइट फर्न्स के बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण विभागों का जिम्मा संभालेंगे। उनकी नियुक्ति आधिकारिक तौर पर इसी सप्ताह से होगी। इस भूमिका के तहत मैकमिलन अपना पूरा समय न्यूजीलैंड महिला टीम और विमेंस प्लेयर्स ऑफ इंटरेस्ट कार्यक्रम को समर्पित करेंगे। इस बीच वह कमेंट्री और अन्य कोचिंग प्रतिबद्धताओं से कुछ समय के लिए दूर रहेंगे। क्रेग इससे ठीक एक साल पहले पार्ट-टाइम कॉन्ट्रैक्ट पर टीम से जुड़े थे। मैकमिलन 2024 में यूएई में हुए आईसीसी टी20 विश्व कप खिताबी जीत के दौरान टीम के साथ थे। मैकमिलन यह जिम्मेदारी पूर्णकालिक रूप से संभालने पर बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, व्हाइट फर्न्स के साथ इस भूमिका में होना मेरे लिए बेहद खास है। महिला क्रिकेट लगातार मजबूत हो रहा है। मैं हमारी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ काम करते रहने के लिए उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, पिछला साल बहुत जल्दी बीत गया। मुझे उस टीम का हिस्सा होने का हर पल बहुत अच्छा लगा, जो लगातार बेहतर होती जा रही है, एक-दूसरे को चुनौती देती है और विश्व मंच पर खास प्रदर्शन करती है।
मैकमिलन ने बताया कि विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप को लेकर न्यूजीलैंड की तैयारियां जोरों पर हैं। व्हाइट फर्न्स ने आगामी विश्व कप की तैयारी के लिए अगस्त में चेन्नई में ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया, ताकि स्पिन-अनुकूल परिस्थितियों के अनुरूप ढल सकें। विमेंस वर्ल्ड कप 2025 की शुरुआत 30 सितंबर से होने जा रही है। 1 अक्टूबर को टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। न्यूजीलैंड का अगला मुकाबला 6 अक्टूबर को साउथ अफ्रीका से होगा। इसके बाद टीम 10 अक्टूबर को बांग्लादेश से भिड़ेगी। न्यूजीलैंड की विमेंस वर्ल्ड कप टीम की घोषणा 10 सितंबर को होगी।

## अगले साल भारत में होगा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप,

# बीएआई ने भव्य आयोजन का किया वादा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) विश्व चैंपियनशिप के लिए काफी उत्सुक है और उसने इस टूर्नामेंट की उत्कृष्टता और भव्यता को आगे बढ़ाने का वादा किया है। भारत को अगले साल होने वाले बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है। यह टूर्नामेंट 2026 में दिल्ली में आयोजित होगा। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) इसके लिए काफी उत्सुक है और उसने इस टूर्नामेंट की उत्कृष्टता और भव्यता को आगे बढ़ाने का वादा किया है। यह दूसरी बार होगा जब भारत इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। इससे पहले 2009 में हैदराबाद में विश्व चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था।

**आठ साल बाद एशिया में होगा ये टूर्नामेंट** – दिल्ली की मेजबानी से टूर्नामेंट की आठ साल के बाद एशिया में वापसी होगी। चीन के नानजिंग ने 2018 सत्र की मेजबानी की थी। भारत टूर्नामेंट में सबसे निरंतरता के साथ पदक जीतने वाले वाले देशों में से एक है। भारत ने 1983 से अब तक 15 पदक जीते है जिसमें 2011 सत्र के बाद से हर आयोजन में कम से कम एक पदक जीतना शामिल है। बीएआई के मानद सचिव संजय मिश्रा ने कहा, हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि पेरिस ने जो उत्कृष्टता और भव्यता दखाई है भारत उन मानकों को बनाए रखने और आगे बढ़ाने के लिए अपना शत प्रतिशप प्रयास करेगा। हम वैश्विक बैडमिंटन परिवार का दिल्ली में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। यह घोषणा पेरिस में 2025 चैंपियनशिप के समापन समारोह के दौरान की गई। बीडब्ल्यूएफ अध्यक्ष खुनयिंग पटामा लीस्वदत्रकुल फेडरेशन फ्रैंकाइस डी बैडमिंटन के अध्यक्ष फ्रैंक लॉरेंट और बीएआई के मानद महासचिव संजय मिश्रा के बीच कार्यभार हस्तांतरण हुआ। बीएआई ने कहा, भारत के लिए दोबारा चैंपियनशिप की मेजबानी करना इस खेल की बड़ी ताकत और वैश्विक बैडमिंटन मानचित्र पर एक प्रमुख स्थल के रूप में मजबूत स्थिति को दर्शाता है।

### यूएस ओपनः

# बुब्लिक को हराकर लगातार 8वीं बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में सिनर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** इटली के जैनिक सिनर ने अलेक्जेंडर बुब्लिक को शिकस्त देकर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली, जहां उनका सामना हमवतन लोरेंजो मुसेट्टी से होगा। सिनर लगातार आठवें ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। वर्ल्ड नंबर 1 और गत यूएस ओपन चैंपियन सिनर ने बुब्लिक के खिलाफ 6-1, 6-1, 6-1 से जीत हासिल की। ??यह मुकाबला 81 मिनट तक चला। इस मुकाबले में बुब्लिक ने 13 डबल फॉल्ट किए। उन्होंने कुल 31 अनफोर्स्ड एरर किए।
24 वर्षीय सिनर लगातार आठवें ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे हैं। पिछली बार सिनर को इस चरण से पहले 2023 यूएस ओपन में हार का सामना करना पड़ा था। उस समय उन्हें चौथे राउंड में अलेक्जेंडर ज्वेरेव के हाथों शिकस्त झेलनी पड़ी थी। सिनर का सामना 10वीं वरीयता प्राप्त म्युसेटी से होगा। पहली बार किसी प्रमुख टूर्नामेंट में सिर्फ इतालवी पुरुषों का एकल क्वार्टर फाइनल होगा। वर्ल्ड नंबर 1 सिनर इस भिड़ंत में 2-0 के एटीपी हेड-टू-हेड रिकॉर्ड के साथ उतरेंगे। जैनिक सिनर ने मुकाबले से पहले कहा, यह देखना बहुत अच्छा है। इतालवी टेनिस इस समय शानदार फॉर्म में है। हमारे पास इतने सारे खिलाड़ी हैं, इतनी सारी अलग-अलग खेल शैलियां हैं।

### यूएस ओपनः

# क्वार्टर फाइनल में अनिसिमोवा, ओसाका ने गॉफ को चौंकाया



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** यूएस ओपन में अमांडा अनिसिमोवा ने बीट्रिज हद्दाद माइया को सीधे सेटों में 6-0, 6-3 से शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अनिसिमोवा ने पहले ही गेम में हद्दाद माइया की सर्विस तोड़ी और उसके बाद उनका खेल और तेज हो गया। उन्होंने हद्दाद माइया को कोई मौका नहीं दिया। बेहतरीन सर्विस करते हुए कोर्ट पर गहरी और सटीक टू-हैंडेड बैकहैंड शॉट्स लगाए।
दूसरा सेट ज्यादा प्रतिस्पर्धी था। अनिसिमोवा को अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ यूएस ओपन प्रदर्शन को जारी रखने की चुनौती का सामना करना पड़ा। हद्दाद माइया की सर्विस फिर से शुरुआती गेम में टूटी, लेकिन लगातार सात गेम गंवाने के बाद उन्होंने एक ब्रेक हासिल किया। हालांकि, अनिसिमोवा ने तुरंत वापसी की, चौथे गेम में ब्रेक प्वाइंट से बचते हुए गेम को संभाला और हद्दाद माइया के धैर्य के बावजूद, आखिरी गेम में फिर ब्रेक लेकर जीत सुनिश्चित की। साल 2019 में रोलैंड गैरोस के सेमीफाइनल में पहुंची चुकीं अनिसिमोवा ने हद्दाद माइया पर जीत के साथ अपना ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड 42-22 कर लिया। इस सीजन का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 35-14 तक सुधार लिया।

### एशिया कप हॉकी 2025:

# भारत ने कजाकिस्तान को 15-0 से रौंदा, अभिषेक, सुखजीत सिंह और जुगराज सिंह ने दागी गोल की हैट्रिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने बिहार के राजगीर में सोमवार, एक सितंबर 2025 को एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में कजाकिस्तान को 15-0 से रौंदकर जीत की हैट्रिक लगाई। भारतीय टीम एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट 2025 में पहले ही सुपर चार का टिकट पक्का कर चुकी थी। टीम ने इस बड़ी जीत के बाद पूल ए में अपना शीर्ष स्थान पक्का किया। भारत के लिए अभिषेक (5वें, 8वें, 20वें और 59वें मिनट), सुखजीत सिंह (15वें, 32वें, 38वें), जुगराज सिंह (24वें, 31वें, 47वें) हैट्रिक गोल करने वालों में शामिल रहे जबकि कप्तान हरमनप्रीत सिंह (26वें), अमित रोहिदास (29वें), राजिंदर सिंह (32वें), संजय सिंह (54वें), दिलप्रीत सिंह (55वें) ने गोल कर टीम को लगातार तीसरी जीत दिलाई।



**चीन और जापान को भी हरा चुका है भारत** – भारत ने अपने पहले दो मैचों में चीन और जापान को हराया था। भारत के साथ चीन भी इस पूल से सुपर चार के लिए क्वालिफाई करने में सफल रहा, जबकि मलेशिया और कोरिया पूल बी से अगले चरण में पहुंचने वाली टीमें हैं।

# राशिद खान ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

## टी20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, ये दिग्गज पीछे छूटे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूएई और अफगानिस्तान के बीच ट्राई सीरीज का तीसरा मुकाबला शारजाह क्रिकेट ग्राउंड में बीते 1 सितंबर को खेला गया। इस मैच को अफगानिस्तान ने 38 रन से अपने नाम कर लिया। अफगानिस्तान के कप्तान और स्टार लेग स्पिनर राशिद खान ने यूएई के खिलाफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने न्यूजीलैंड के टिम साउदी को पीछे छोड़ दिया। 26 साल के राशिद खान ने यूएई के खिलाफ 4 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट लिए। उन्होंने एथन डीसूजा आसिफ खान और ध्रुव पराशर का शिकार किया। इसी के साथ राशिद खान टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने 98 मैचों में 165 विकेट ले लिए हैं। राशिद खान ने न्यूजीलैंड के दिग्गज टिम साउदी को पीछे छोड़ यह बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है।

# यूएई के कप्तान ने तोड़ा रोहित शर्मा का वर्ल्ड रिकॉर्ड

## टी-20 इंटरनेशनल में जड़े सबसे ज्यादा छक्के



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज कप्तान रोहित शर्मा का एक ब?ा टी20 इंटरनेशनल रिकॉर्ड टूट गया है. उनके नाम इस फॉर्मेट में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड था. जिसे यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम ने तोड़ दिया है. रोहित के नाम टी20 इंटरनेशनल में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा 105 छक्के लगाने का रिकॉर्ड था. लेकिन, अब वसीम ने कल खेले गए अफगानिस्तान के खिलाफ एक टी20 मैच में बतौर कप्तान 110 छक्के जडने का रिकॉर्ड बना लिया. उन्होंने अफगानी टीम के खिलाफ 6 छक्के लगाकर यह मुकाम हासिल किया. मुहम्मद वसीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ 37 गेंदों में 67 रन की पारी खेली. लेकिन बावजूद उसके टीम को 38 रन से हार झेलनी पडी.

**वसीम की कप्तानी पारी टीम के नहीं आई काम** – यूएई में खेली जा रही टी20 ट्राई सीरीज के तीसरे मैच में अफगानिस्तान ने यूएई को 38 रन से हराया. यूएई ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया. अफगान टीम ने बल्लेबाजी करते हुए बोर्ड पर 4 विकेट खोकर 188 लगाए।

